# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, मंगलवार 19 दिसंबर 2023




*अयोध्या। अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर का उद्घाटन होना है। ऐसे में सारी तैयारियों को जल्द से जल्द पूरा किया जा रहा है। इसको लेकर सोमवार को राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने प्रेस वार्ता कर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से जुड़ी तमाम जानकारियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी, 2024 को पीएम मोदी ठीक 11 बजे रामजन्मभूमि परिसर में प्रवेश करेंगे। फिर साढ़े 11 बजे तक भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पहुंचेंगे। उद्घाटन के अगले ही दिन यानी 23 जनवरी से ही जनता को भगवान राम के दर्शन की अनुमति दे दी जाएगी।*

**अयोध्या में 22 जनवरी को होना है राम मंदिर का उद्घाटन**

# 30-40 स्थानों पर भंडारा, चाय-पानी का रहेगा इंतजाम


## राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने ली प्रेस कॉन्फ्रेंस, बताई हर डिटेल

### तीन जगह पर रुकने की व्यवस्था

राय के मुताबिक, अयोध्या के कारसेवकपुरम में 1000 लोगों के लिए रैनबसेरा टाइप रुकने की व्यवस्था होगी। इसके अलावा 850 लोगों के रुकने की व्यवस्था टिन कंपार्टमेंट में होगी। धर्मशाला व अन्य स्थानों पर 600 कमरे मिल गए हैं। उम्मीद है कि यह संख्या 1000 कमरे की हो जाएगी। प्रेस वार्ता के दौरान चंपत राय ने कहा कि मणि पर्वत के पास टिन शेड से 'टिन सिटी' बनाई गई है। यहां 3500 से अधिक संतो के आने की व्यवस्था की गई है। पास में ही एक मिनी हॉस्पिटल होगा। देशभर से 150 एमबीबीएस डॉक्टर अयोध्या आएंगे।

### जगह-जगह भंडारा होगा, चाय भी मिलेगी

राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव ने बताया कि अयोध्या में आने वाले हर श्रद्धालु को भोजन मिल पाए, इसके लिए 30 से अधिक स्थानों पर भंडारा चलेगा। श्रद्धालु कभी भी, कहीं भी भोजन पा सकेंगे। सर्दियों को देखते हुए कई स्थानों पर चाय वितरण भी होगा। चंपत राय ने आगे बताया कि अयोध्या में 2000 शौचालय बनेंगे।




### इन्हें भेजा गया आमंत्रण

चंपत राय ने कहा कि 22 जनवरी, 2024 के लिए लगभग 4000 संतो को निमंत्रित किया गया है। कोशिश है कि भारत की हर परंपरा के संत आएं. हर राज्य की संस्थाएं और हर राज्य का प्रतिनिधित्व हो पाए इसके लिए 125 परंपराओं के संत, 13 अखाड़े, 6 दर्शन के दर्शनाचार्य को निमंत्रित किया गया है।

### प्राण प्रतिष्ठा का पूजन 16 जनवरी से प्रारंभ

काशी में रहने वाले गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ और कर्मकांड के लक्ष्मीकांत दीक्षित प्राण प्रतिष्ठा की पूजन विधि को संपन्न करेंगे। प्राण प्रतिष्ठा के बाद 23 जनवरी के बाद 48 दिन तक मंडन पूजा भी होगी।

### मीडिया के लिए इंतजाम

राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने बताया कि सोशल मीडिया की एक टीम दिल्ली और अयोध्या में डेवलप की गई है। 26 दिसंबर को प्रिंट मीडिया, 27 दिसंबर को चैनल, 28 दिसंबर को सोशल मीडिया, 29 दिसंबर को इंटरनेशनल मीडिया को अयोध्या बुलाया गया है।

## खबर संक्षेप

### 'बूढ़ा नहीं हूं, अभी भी कुछ लोगों को सीधा कर सकता हूं' : पवार



**मुंबई।** एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने रविवार को बिना नाम लिए अपने भतीजे और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार पर निशाना साधा। उन्होंने अपने जन्मदिन पर पुणे में आयोजित एक बैलगाड़ी दौड़ कार्यक्रम में कहा कि अभी मैं बूढ़ा नहीं हुआ हूं। अभी भी मुझमें कुछ लोगों को सीधा करने की ताकत है। हालांकि उन्होंने अपने बयान में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन इस बयान को अजित के ऊपर कटाक्ष के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल, रविवार को महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री रहे शरद पवार का जन्मदिन था। इस मौके पर पुणे की हवेली तहसील के चारकोली में एक बैलगाड़ी दौड़ का आयोजन किया गया था। इस खेल के आयोजन के मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में बिना किसी का नाम लिए तंज कसा। उन्होंने कहा, "मुझे आपसे शिकायत है। आप सभी अपने भाषणों में इस बात पर जोर देते रहते हैं कि मैं 83 साल का हूं, मैं 84 साल का हूं। आपने क्या देखा है? मैं बूढ़ा नहीं हुआ हूं। मेरे पास अभी भी कुछ लोगों को सीधा करने की ताकत है। आप चिंता मत करें।"

### अंडमान : 150 करोड़ की मेथामफेटामाइन जब्त, 69 गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह पुलिस ने पिछले पांच महीनों में 150 करोड़ रुपये मूल्य के 252 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्त किए हैं। इसके साथ ही 69 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस अवधि के दौरान लगभग 10 करोड़ रुपये मूल्य की एक किलोग्राम कोकीन, मारिजुआना (49 किलोग्राम), भांग के पौधे (तीन किलोग्राम), कफ सिरप की 497 बोतलें और एंटी-एंग्जाइटी टैबलेट अल्प्राजोलम की 583 गोलियां जब्त कीं। जिनकी कीमत लगभग 50 हजार रुपये है। द्वीप समूह के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा, पुलिस द्वीप को नशा मुक्त बनाने के लिए अपनी पूरी कोशिश कर रही है। हमने केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देशों के अनुसार नशीले पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। परिणाम उत्साहजनक हैं। उन्होंने आगे कहा, हम नशीले पदार्थों को लेकर जागरूकता अभियान चला रहे हैं। हम किसी नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले किसी भी शख्स को नहीं बख्शेंगे।

### पूर्व कमांडेंट के खिलाफ सीबीआई ने दर्ज किया केस



**नई दिल्ली।** आईटीबीपी के पूर्व कमांडेंट के खिलाफ सीबीआई ने केस दर्ज किया है। आरोप है कि पूर्व कमांडेंट ने जवानों के राशन की खरीद में गड़बड़ी की। बता दें कि आईटीबीपी के पूर्व कमांडेंट अशोक कुमार गुप्ता के खिलाफ बीते साल भी भ्रष्टाचार के मामले में केस दर्ज किया गया था। अब नए मामले में सीबीआई ने आरोप लगाया है कि अशोक कुमार गुप्ता ने सब इंस्पेक्टर सुधीर कुमार और असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर अनुसुया प्रसाद के साथ मिलकर 70 लाख रुपये का गबन किया।

## पार्टी अध्यक्ष खड़गे ने 1.38 लाख रुपये का अंशदान दिया

# कांग्रेस ने आम जनता से चंदा एकत्र करने के लिए शुरू किया 'डोनेट फॉर देश' अभियान

*कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले आम जनता से चंदा एकत्र करने के लिए सोमवार को 'डोनेट फॉर देश' नाम से अभियान शुरू किया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने यहां एक कार्यक्रम में इस अभियान की शुरुआत की। उन्होंने खुद 1.38 लाख रुपये का अंशदान दिया। कांग्रेस, वेबसाइट और एक ऐप के माध्यम से यह अभियान चला रही है।*

**कांग्रेस, वेबसाइट और एक ऐप के माध्यम से चला रही है यह अभियान**



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खड़गे ने कहा कि 'डोनेट फॉर देश' अभियान के माध्यम से कांग्रेस आम जनता से मदद लेकर देश को आगे ले जाने के लिए काम करेगी। उन्होंने कहा, ''आज खुशी दिन का दिन है कि हमारे नेताओं ने मिलकर एक ऐप तैयार किया है। कांग्रेस को हमेशा ही आम जनता की मदद मिलती रही है।'' देश की मुख्य विपक्षी पार्टी 28 दिसंबर को अपने 138वें स्थापना दिवस से पहले इस अभियान के माध्यम से लोगों से 138 रुपये, 1,380 रुपये, 13,800 रुपये या फिर इससे 10 गुना राशि चंदे के रूप में देने की अपील कर रही है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गत शनिवार को संवाददाताओं से कहा था, ''यह अभियान मुख्य रूप से पार्टी के स्थापना दिवस 28 दिसंबर तक ऑनलाइन रहेगा, जिसके बाद हम जमीनी अभियान शुरू करेंगे। इसके तहत पार्टी से जुड़े स्वयंसेवी घर-घर जायेंगे और प्रत्येक बूथ में कम से कम 10 घरों को लक्षित करके हर घर से कम से कम 138 रुपये का अंशदान सुनिश्चित करेंगे।'

### संदेश देने की कोशिश

कहा जा रहा है कि देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस इस समय आर्थिक तंगी से गुजर रही है। उसके पास चुनाव लड़ने के लिए पैसे नहीं हैं। साथ ही इस अभियान के जरिए वह जनता को यह संदेश देने की कोशिश करेगी कि भाजपा अमीर लोगों की पार्टी है। उसके पास बहुत पैसे हैं, और इसलिए उसे इस तरह क्राउड फंडिंग करने की आवश्यकता नहीं है।

### लूट का पैसा छिपाने की कोशिश- भाजपा

इधर, भाजपा ने कांग्रेस के अभियान डोनेट फॉर देश पर हमला बोल दिया है। पार्टी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा है कि इसी समय कांग्रेस के एक सांसद के घर से 350 करोड़ रुपये से ज्यादा का अवैध धन बरामद हुआ है। यह पैसा जनता से लूटे हुए धन का है। कांग्रेस इस लूट से जनता का ध्यान हटाने की कोशिश कर रही है। यही कारण है कि जनता से पैसे मांगने का नाटक कर वह लोगों का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। यदि उसे पैसा चाहिए तो उसे जनता से नहीं, बल्कि अपने इन करोड़पति सांसदों से ही पैसा मांगना चाहिए।

### कांग्रेस का कैम्पेन, डोमेन ले उड़ी भाजपा

लोकसभा चुनाव 2024 के लिए फंड जुटाने के लिए कांग्रेस ने आज (18 दिसंबर) डोनेट फॉर देश अभियान लॉन्च किया, लेकिन इस नाम का डोमेन भाजपा ने पहले ही अपने नाम कर लिया। यानी गूगल पर आप कांग्रेस को चंदा देने के लिए डोनेटफॉरदेशडॉटओआरजी सर्च करने पर भाजपा का पेज खुलता है। हालांकि, कांग्रेस नेता अजय माकन ने इस अभियान का ऑनलाइन लिंक और अन्य जानकारी दी। उन्होंने बताया कि **http://donateinc.in**. या **http://inc.in**. पर कांग्रेस को डोनेशन दिया जा सकता है। साथ ही कहा कि जो भी डोनेशन देगा उसे एआईसीसी की तरफ से एक साइन किया हुआ सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा।

# 'इंडिया' के सांसदों ने खड़गे से कहा, सीट बंटवारे की प्रक्रिया हो पहले तय



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन पार्टियों के सांसदों के बीच बातचीत हुई। इंडिया गठबंधन नेताओं की बैठक पर टीएमसी नेता सुदीप बंद्योपाध्याय ने प्रतिक्रिया दी है। टीएमसी नेता ने कहा, खड़गे के आवास पर सुबह में होने वाली बैठक नियमित बैठक है। हमारी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि बैठ तीन बार पहले ही हो चुकी है। इस बाक सीट बंटवारे को लेकर बैठक होनी चाहिए। सीट बंटवारे की प्रक्रिया पहले होनी चाहिए। बैठक परिणाम पर आधारित होता है।

- **इंडिया गठबंधन की अगली बैठक आज 19 दिसंबर को होना है**

**19 जिसंबर को होगी अगली बैठकः** बता दें कि इंडिया गठबंधन की अगली बैठक 19 दिसंबर को होने वाली है। इस बैठक में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत सभी प्रमुख नेता हिस्सा लेंगे। हालांकि, अभी तक बैठक का एजेंडा आधिकारिक तौर पर जारी नहीं किया गया है, लेकिन सीटों का बंटवारा मुख्य मुद्दा हो सकता है। इंडिया गठबंधन की यह चौथी बैठक होगी। इससे पहले पटना, बंगलुरू और मुंबई में ये बैठकें हो चुकी हैं।

### इनके आने की उम्मीद

इससे पहले छह दिसंबर को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने आवास पर गठबंधन की बैठक बुलाई थी, लेकिन अखिलेश यादव और ममता बनर्जी समेत कई नेताओं ने अन्यत्र व्यस्तता बताते हुए आने से इंकार कर दिया था। सूत्रों के मुताबिक, मंगलवार को होने वाली बैठक में अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव और एमके स्टालिन समेत सभी प्रमुख नेताओं के आने की उम्मीद है।

**आईईडी ब्लास्ट की साजिश को भी किया नाकाम**

# एनआईए ने आईएसआईएस के 8 एजेंट को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईएसआईएस नेटवर्क केस में एंटी-टेरर एजेंसी एनआईए ने सोमवार सुबह 4 राज्यों की 19 लोकेशन पर छापेमारी की। 19 लोकेशन में कर्नाटक की 11, झारखंड की 4, महाराष्ट्र की 3 और दिल्ली की एक लोकेशन शामिल है। एनआईए की टीम ने अलग-अलग लोकेशन से आईएसआईएस के 8 आतंकी गिरफ्तार किए हैं। एनआईए ने एक जगह आईईडी ब्लास्ट की साजिश को भी नाकाम किया है। गिरफ्तार होने वाले लोगों में बल्लारी मॉड्यूल का नेता मिनाज भी शामिल है। उसे मोहम्मद सुलेमान के नाम से भी जाना जाता है। एनआईए की तरफ से दी गई जानकारी में बताया गया कि छापे के दौरान सल्फर, पोटेशियम नाइट्रेट और बारूद जैसी विस्फोटक सामग्री के साथ-साथ प्रस्तावित हमलों के डिटेल वाले डॉक्यूमेंट और हथियार भी बरामद किए गए हैं। एनआईए ने कैश और डिजिटल डिवाइस भी बरामद किए हैं।

एजेंसी आतंकवादियों का पता लगाने और उन्हें पकड़ने के लिए राज्य पुलिस और अन्य केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रही है। पिछले हफ्ते, एनआईए ने महाराष्ट्र में 40 से अधिक



स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान 15 लोगों को गिरफ्तार किया, जिनमें से एक मॉड्यूल का नेता था। वह नए रंगरूटों को निष्ठा की शपथ दिला रहा था। संबंधित मामले में बेंगलुरु में भी छापे मारे गए। इनमें एक मामला लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी की तरफ से कट्टरपंथ फैलाने से जुड़ा था। नेशनल इंटेलिजेंस एजेंसी (एनआईए) ने 9 दिसंबर को महाराष्ट्र के 43 और कर्नाटक के एक ठिकाने पर सर्च ऑपरेशन चलाया था। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा ठाणे रूरल में 31 जगहों, पुणे में दो, ठाणे सिटी में 9, भायंदर में एक जगह पर रेड मारी गई थी. जांच एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक, एनआईए ने आईएसआईएस से जुड़े एक नेटवर्क को ढूंढ निकाला था, जो भारत में आईएसआईएस की विचारधारा को फैलाने की कोशिश कर रहे थे।

### बातचीत के लिए आईएम ऐप्स का करते थे इस्तेमाल

गिरफ्तार किए गए आतंकवादी एक-दूसरे के साथ बातचीत करने के लिए आईएम ऐप्स का इस्तेमाल करते थे। इन लोगों ने विस्फोटक सामग्री का उपयोग करके आईईडी या तात्कालिक विस्फोटक उपकरण बनाने की योजना बनाई। इसके जरिये ये लोग आतंकवादी हमलों को अंजाम देना चाहते थे। उन्होंने कथित तौर पर कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने के लिए कॉलेज के छात्रों को भी निशाना बनाया. बेल्लारी मॉड्यूल के खिलाफ एनआईए मामला पिछले हफ्ते दर्ज किया गया था।

*असम राइफल्स के साथ हुई थी गोलीबारी*

## म्यांमार में आतंकवादियों के कब्जे से छुड़ाए दो भारतीय युवक

एजेंसी ▶▶| कोहिमा



म्यांमार स्थित एनएससीएन-के के सशस्त्र उग्रवादियों द्वारा अपहत दो युवकों को रविवार को नागालैंड के मोन जिले के एक जंगल से गोलीबारी के बाद बचा लिया गया। रक्षा मंत्रालय के बयान के अनुसार एनएससीएन-के के सशस्त्र कैडरों के एक समूह ने जिले के यान्न्यु गांव से दो व्यक्तियों का अपहरण कर लिया था। अपहरण की सूचना के बाद असम राइफल्स और नागालैंड पुलिस ने संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया था। इस दौरान, बलों ने वेटिंग गांव के पास एक जंगल में आतंकवादियों को रोक लिया। इसके बाद दोनों के बीच जमकर गोलीबारी हुई, जिसके बाद, आतंकवादी दो अपहत व्यक्तियों और भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद छोड़कर भाग गए।

### जय बालाजी ने फंसा कर्ज चुकाने जुटाये 559 करोड़




**कोलकाता।** इस्पात बनाने वाली कंपनी जय बालाजी इंडस्ट्रीज लि. दो परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों के पास शेष फंसा कर्ज चुकाने के लिए टाटा कैपिटल फाइनेंशियल सर्विसेज के साथ 559 करोड़ रुपए का कर्ज समझौता किया है। जय बालाजी पर 2018-19 में करीब 3,000 करोड़ रुपये का एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्त) बकाया था। बैंकों ने बाद में इस कर्ज को दो एआरसी को बेच दिया था। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक आदित्य जाजोदिया ने कहा कि टाटा कैपिटल के साथ इस समझौते के साथ एआरसी के एनपीए के बकाए का निपटारा कर दिया गया है।

# भारत ने सीमा पर रिकॉर्ड समय में बनाया हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट

### चीन का विरोध दरकिनार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले के भारत-चीन सीमा पर बसे गांवों में बिजली नहीं होने से विकास की गति धीमी पड़ रही थी। केंद्र सरकार, अरुणाचल प्रदेश सरकार और भारतीय सेना ने महसूस किया कि वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सबसे पहले गांवों के लोगों तक बिजली पहुंचानी होगी। केंद्र सरकार ने प्रथम गांव काहो से करीब तीन किमी ऊपर जंगलों में समुद्र तल से करीब 9,000 हजार फुट से भी ऊपर दिचु नाले से पानी लेकर एक 100 किलोवाट का दिचु नाला माइक्रो हाइड्रो प्रोजेक्ट बनाने का फैसला किया।



### चीन को हटना पड़ा पीछे

प्रोजेक्ट से जुड़े एक उच्चाधिकारी ने बताया कि जब इसे शुरू किया जाने लगा तो चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने इसका विरोध शुरू कर दिया। वे ऊपर पहाड़ी पर आकर इसे बंद करने की धमकी देते। जिला प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया और उनके विरोध के बावजूद काम जारी रखा।

## *केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने दिखाई हरी झंडी*

# हिंदुस्तान के पहले शीतकालीन आर्कटिक अभियान का आगाज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को भारत के सर्दियों के मौसम में पहले आर्कटिक अभियान को हरी झंडी दिखाई। इस अभियान का उद्देश्य नॉर्वे के स्वालबार्ड में स्थित भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन हिमाद्रि को पूरे साल संचालित रखना है। चार वैज्ञानिकों की एक टीम मंगलवार को अपने अभियान पर रवाना होगी। बता दें कि भारत का रिसर्च स्टेशन नि-ऑलेसंद में स्थित है, जो कि दुनिया के सुदूर उत्तरी छोर पर एक बस्ती है। यहां भारत समेत दुनिया के 10 देशों के रिसर्च स्टेशन मौजूद हैं।

### रिसर्च के लिए अहम है ये अभियान

अभियान को हरी झंडी दिखाते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमारे वैज्ञानिक जलवायु और ग्रह के बारे में ज्यादा जानकारी लेने और अनसुलझे रहस्यों के बारे में जानने के लिए पहले शीतकालीन आर्कटिक अभियान पर रवाना होने के लिए तैयार है। केंद्रीय मंत्री ने इसे ऐतिहासिक बताया और कहा कि वैश्विक जलवायु और जैव विविधता पर आर्कटिक के अहम प्रभाव पर अध्ययन करने में यह अभियान अहम साबित होगा। इस अभियान के तहत भारतीय वैज्ञानिकों की टीम 30-45 दिनों तक नि-ऑलेसंद रिसर्च स्टेशन पर रहकर रिसर्च करेगी। उसके बाद दूसरी टीम उसकी जगह लेगी। 2007 से चलाया जा रहा अभियान- साल 2007 से भारत अपने ग्रीष्मकालीन आर्कटिक अभियान करता आ रहा है। साल 2008 में भारत ने नॉर्वे के स्वालबार्ड में नि-आलेसंद इलाके में अपना स्थायी रिसर्च स्टेशन स्थापित किया था। अब पहली बार शीतकालीन आर्कटिक अभियान शुरू किया गया है। किरेन रिजिजू ने कहा कि सरकार रिसर्च के लिए सभी जरूरी बजट आवंटन और प्रशासनिक सपोर्ट मुहैया कराएगी और अब शीतकालीन आर्कटिक अभियान भी हर साल किए जाएंगे। भारत के नेशनल सेंटर फॉर पोलर एंड ओसीन रिसर्च के निदेशक थमबन मेलोथ ने बताया कि आर्कटिक में ठंड कम हो रही है और हम पर इसका असर पड़ना शुरू हो गया है। भारत में जलवायु परिवर्तन का संबंध भी आर्कटिक क्षेत्र में पिघल रही बर्फ से मिला है। साथ ही हमारी रिसर्च में पता चला है कि अरब सागर में लगातार आ रहे चक्रवाती तूफानों का संबंध भी आर्कटिक क्षेत्र के गर्म होने से है।

# फ्रॉड लोन ऐप पर तेज हुआ एक्शन गूगल ने प्लेस्टोर से हटाए 2,500 ऐप

- फ्रॉड लोन ऐप पर सरकार हुई काफी सख्त
- अप्रैल 2021 से जुलाई 2022 के बीच की गई कार्रवाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोगों के साथ बढ़ती धोखाधड़ी के बाद सरकार पिछले कुछ समय से फ्रॉड लोन ऐप पर काफी सख्त हो चुकी है। सरकारी सख्ती का ये असर हुआ है कि गूगल ने अपने प्ले स्टोर से 2,500 ऐसे ऐप को रिमूव किया है। सरकार ने संसद में इसकी जानकारी दी है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि गूगल ने अपने प्ले स्टोर से 2,500 से ज्यादा फ्रॉड लोन ऐप को हटाया है। गूगल के द्वारा ये कार्रवाई अप्रैल 2021 से जुलाई 2022 के बीच की गई है। उन्होंने बताया कि गूगल ने 3,500 से 4,000 लेंडिंग ऐप की समीक्षा करने के बाद ये कार्रवाई की है। वित्त मंत्री एक सवाल का लिखित जवाब दे रही थीं। उसी जवाब में फ्रॉड लोन ऐप पर की गई कार्रवाई के बारे में संसद को अवगत कराया गया।

### सरकार कर रही है ये प्रयास

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास प्रोएक्टिव बने रहने, लगातार निगरानी रखते हुए साइबर सुरक्षा की तैयारियों को दुरुस्त बनाए रखने और भारत की वित्तीय प्रणाली में कोई कमजोरी दिखने पर उसे दूर करने के लिए समय पर उचित कदम उठाने का है।




### आरबीआई ने तैयार की ये लिस्ट

बकौल सीतारमण, रिजर्व बैंक ने सरकार को लीगल ऐप की एक व्हाइट लिस्ट बनाकर दी है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने वह लिस्ट गूगल के साथ साझा की है। गूगल आरबीआई के द्वारा तैयार व्हाइटलिस्ट के आधार पर ही लोन बांटने वाले ऐप को अपने ऐप स्टोर पर मंजूरी देता है। इस तरह से फर्जी लोन ऐप पर लगाम लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

### लगातार चल रहा लगाम लगाने का काम

वित्त मंत्री सीतारमण ने बताया कि सरकार इस तरह के फर्जी लोन ऐप पर लगाम लगाने के लिए रिजर्व बैंक व अन्य नियामकों के साथ मिलकर लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर फाइनेंशियल स्टेबिलिटी एंड डेवलपमेंट काउंसिल की बैठकों में लगातार चर्चा की जाती है और इसकी निगरानी की जाती है। एफएसडीसी एक इंटर-रेगुलेटरी फोरम है, जिसकी अध्यक्षता वित्त मंत्री के पास है।



हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

इंडोर स्टेडियम में चल रही शपथ की तैयारी

# साय मंत्रिमंडल का विस्तार आज नहीं, विस सत्र के बाद कभी भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**खास खबर**

प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के कैबिनेट का विस्तार और मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण मंगलवार को नहीं होगा। सोमवार को शाम से लेकर रात तक चर्चा रही कि मंगलवार को शपथ ग्रहण होगा, लेकिन हरिभूमि के पास इस बात की पुख्ता जानकारी है कि साय कैबिनेट का विस्तार और मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण विधानसभा सत्र के बाद ही होगा। सोमवार को दिल्ली से लौटने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यह कहा है कि मंत्रिमंडल का गठन जल्द ▶▶शेष पेज 6 पर

## शपथ ग्रहण का हल्ला

सोमवार की शाम से ही साय मंत्रिमंडल के मंगलवार को शपथ ग्रहण को लेकर हल्ला होना प्रारंभ हुआ। इंडोर स्टेडियम में इसको लेकर तैयारी की बात भी सामने आई। इंडोर में तैयारी तो चल रही है, लेकिन यहां पर शपथ ग्रहण कब होगा इसको लेकर किसी के पास कोई जानकारी नहीं है। भाजपा के सूत्रों का कहना है कि टेंट वाले को एक-दो दिन बाद तैयारी करने के लिए कहा गया था, लेकिन उसने पहले ही तैयारी प्रारंभ कर दी, इसके कारण यह खबर फैली कि शपथ ग्रहण कल होने वाला है।



» अब तक तय नहीं हो सके हैं मंत्रिमंडल के नाम, जल्द ही ऐलान की उम्मीद

### साव बोले- जल्द देंगे जानकारी

उपमुख्यमंत्री अरुण साव सोमवार की शाम को बिलासपुर से लौटे तो उन्होंने मीडिया के सवाल के जवाब में कहा, दिल्ली में मंत्रिमंडल के गठन को लेकर बैठक हुई। मंत्रिमंडल का गठन जल्द होगा। उन्होंने मंगलवार को शपथ ग्रहण के सवाल पर कहा, जब भी शपथ ग्रहण का कार्यक्रम होगा, जानकारी दी जाएगी।

## सत्र के बाद ही शपथ

भाजपा के भरोसेमंद सूत्रों से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक साय कैबिनेट का विस्तार 21 दिसंबर तक चलने वाले विधानसभा सत्र के बाद ही होगा। अभी मंत्रियों के नाम फाइनल नहीं हो सके हैं। सोमवार को भी दिल्ली में श्री नड्डा और श्री शाह के बीच मंत्रिमंडल को लेकर बैठक होने की बात सामने आई है। एक संभावना यह भी जताई जा रही है कि विस सत्र के बाद दूसरे दिन श्री साय एक बार फिर से दिल्ली जा सकते हैं।

## आज से विस सत्र

### आधे से अधिक नए विधायक, आज लेंगे शपथ

छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद विधानसभा के सदस्यों को शपथ दिलाने के लिए मंगलवार से सत्र बुलाया गया है। तीन दिन के इस सत्र के पहले दिन विधानसभा के सदस्यों के स्वागत के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। विधानसभा में इस बार 51 नए विधायक चुनकर आए हैं। विधानसभा में पिछले कई सालों से दिखने ▶▶शेष पेज 6 पर

### 51 पहली बार बने विधायक

छत्तीसगढ़ विधानसभा में भाजपा 54, कांग्रेस 35 और गोडवाना गणतंत्र पार्टी के 1 विधायक हैं। इनमें 51 विधायक पहली बार सदस्य बने हैं। भाजपा से 43 और कांग्रेस से 8 नए सदस्य हैं। नए सदस्यों में सांसद गोमती साय और अरुण साव भी शामिल हैं जो पहली बार विधायक चुनाव में जीते हैं। दोनों ने सांसद पद से इस्तीफा दे दिया है।

### जोगी कांग्रेस, बसपा निर्दलीय इस बार नहीं

विधानसभा में इस बार नए नजारे दिखेंगे। यहां पर राज्य बनने के बाद पहली बार ऐसा होगा कि जोगी कांग्रेस, बसपा और निर्दलीय विधायक नहीं दिखेंगे। यहां पर गोडवाना गणतंत्र पार्टी ने राज्य बनने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव में सफलता पाई है। इस पार्टी से एक विधायक यहां पर दिखेंगे। पहले बसपा के दो-तीन विधायक हर सत्र रहते थे।

# संसद की सुरक्षा में चूक पर हंगामा एक ही दिन में 78 सांसद सस्पेंड

*संसद की सुरक्षा में चूक मुद्दे पर चर्चा कराने और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बयान की मांग को लेकर सोमवार को संसद के दोनों सदनों में विपक्षी सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। इसके चलते एक अभूतपूर्व कदम के तहत दोनों सदनों के कुल 78 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। इस सत्र में दोनों सदनों में अब तक कुल 92 सदस्यों को निलंबित किया जा चुका है।*

» *शीतकालीन सत्र के दौरान दोनों सदनों में अब तक 92 सदस्यों पर एक्शन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में हंगामे को लेकर सभापति जगदीप धनखड ने आज विपक्षी दलों के 34 सदस्यों का नाम लिया। आसन द्वारा सदस्यों का नाम (नेम करना) लिया जाता है तो इसे उन सदस्यों को निलंबित करने की प्रक्रिया की शुरुआत माना जाता है। इसके बाद नेता सदन पीयूष गोयल ने 34 सदस्यों के निलंबन का प्रस्ताव पेश किया जिसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। इन सदस्यों में प्रमोद तिवारी, जयराम रमेश, अमी याज्ञिक, नारणभाई जे राठवा, सैयद नासिर हुसैन, फूलो देवी नेताम, शक्तिसिंह गोहिल, के.सी. वेणुगोपाल, रजनी पाटिल, रंजीत रंजन, इमरान प्रतापगढ़ी, रणदीप सिंह सुरजेवाला (सभी कांग्रेस) शामिल हैं। इनके अलावा सुखेन्दु शेखर रे, मोहम्मद नदीमुल हक, अबीर रंजन विश्वास, शांतनु सेन, मौसम नूर, प्रकाश चिक बड़ाइक, समीरुल इस्लाम (सभी तृणमूल कांग्रेस), एम. शनमुगम, एन.आर. एलानगो, कनिमोझी एनवीएन सोमू और आर गिरिराजन (द्रमुक) भी निलंबित किए गए हैं। निलंबित किए ▶▶शेष पेज 6 पर

## निलंबित सांसदों में विपक्ष के दिग्गज नेता भी



### 1989 में लोकसभा से 63 सदस्य हुए थे निलंबित

'पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च' के अनुसार संसदीय इतिहास में लोकसभा में सबसे अधिक सदस्यों का निलंबन 1989 में हुआ था, जब सांसद पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या पर एमपी ठक्कर आयोग की रिपोर्ट को संसद में रखे जाने पर हंगामा कर रहे थे। तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष ने 63 सदस्यों को निलंबित कर दिया था।

### निलंबन की क्या वजह है?



राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने इसको लेकर कहा कि कई सदस्य जानबूझकर पीठ की अवहेलना कर रहे हैं। व्यवधान के कारण हाउस का कामकाज नहीं हो पा रहा है। इस कारण कई सांसदों को मौजूदा सत्र के लिए सदन से निलंबित किया जा रहा है।

**दोनों सदनों से 92 सदस्य**

संसद में सुरक्षा चूक के मुद्दे पर आसन की अवमानना को लेकर और कार्यवाही बाधित करने के लिए गत 14 दिसंबर को लोकसभा के 13 सदस्यों को और राज्यसभा के एक सदस्य को संसद सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया था। इस सत्र में दोनों सदनों में अब तक कुल 92 सदस्यों को निलंबित किया जा चुका है।

## अमरजीत बोले- चौथी किस्त दे सरकार केदार ने कहा- नहीं मिली तो कांग्रेस दोषी



राजीव गांधी किसान न्याय योजना पर सियासत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के धान किसानों को वर्ष 2022-23 के खरीफ सीजन के लिए राजीव गांधी किसान न्याय योजना की तीन किस्तें मिल चुकी हैं लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद न्याय योजना की चौथी किस्त खटाई में पड़ गई है। प्रदेश के पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राजीव गांधी किसान न्याय योजना की चौथी किस्त जारी करने और धान खरीदी का 31 सौ रुपए के हिसाब से एक मुश्त भुगतान करने की मांग की है। इस पर पूर्व मंत्री और विधायक केदार कश्यप ने पलटवार कर कहा कि किसानों को न्याय योजना की चौथी किश्त ना मिलने की जिम्मेदार भी कांग्रेस पार्टी है। गौरतलब है कि सत्ता में आते ही साय सरकार ने साफ कर दिया है कि वो अपने मेनिफेस्टों में किए गए एक-एक संकल्प को पूरा करेंगे। मोदी की गारंटी के तहत गरीबों के आवास ▶▶शेष पेज 6 पर

## कारोबारियों के ठिकानों पर आईटी की जांच पूरी

# कच्चे में 100 करोड़ रुपए के लेनदेन के दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

राजधानी सहित दुर्ग तथा बिलासपुर में कोल्ड स्टोरेज, अनाज कारोबारी तथा ब्रोकर के यहां पांचवे दिन सोमवार को तड़के छापे की कार्रवाई पूरी कर ली गई है। छापे में अफसरों को थोक में कच्चे में लेन-देन के दस्तावेज हाथ लगे हैं। आईटी अफसरों को अलग-अलग कारोबारी ठिकानों से जो दस्तावेज हाथ लगे हैं, उनमें सौ करोड़ रुपए से ज्यादा में कच्चे में लेन-देन की जानकारी मिली है। गौरतलब है कि आईटी अफसरों ने पिछले सप्ताह गुरुवार को राजेश्वरी के साथ बालाजी, मां शारदा, मानवी कोल्ड स्टोरेज, ब्रोकर बालकिशन माहावार तथा भनपुरी स्थित सूरज पल्सेस सहित एक दर्जन कारोबारियों के 48 प्रतिष्ठान, घर तथा कार्यालयों में छापे की कार्रवाई शुरू की थी। छापे में छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश के आयकर अधिकारी शामिल थे। सूरज पल्सेस द्वारा ज्यादातर कारोबार कच्चे में किया गया है। कारोबारी समूह ने पिछले तीन से चार वर्षों में जो खरीदी-बिक्री की है, उनमें ज्यादातर कच्चे में लेन-देन किया गया है। छापे में आईटी की टीम ने अब तक 10 करोड़ रुपए कैश तथा दो करोड़ रुपए की ज्वेलरी सीज की है।

### लॉकर अब तक नहीं खोले गए

सूत्रों के मुताबिक आयकर अफसरों को अलग-अलग कारोबारी समूह के ठिकानों पर छापे की कार्रवाई के दौरान अलग-अलग बैंकों में 16 लॉकर होने की जानकारी मिली है। लॉकर को आयकर अधिकारियों ने अब तक ऑपरेट नहीं किया है। आयकर अफसरों के मुताबिक कारोबारियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। बयान लेने के बाद लॉकर को खोला जाएगा।



**बिलासपुर।** सोमवार को केंद्रीय विश्वविद्यालय में गुरु घासीदास जयंती एवं कुल उत्सव का आयोजन किया गया इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरु घासीदास पर कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल द्वारा संपादित किताब का विमोचन किया। इस अवसर पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा, पूर्व मंत्री विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला सहित अन्य अतिथि मौजूद थे।

## कोरोना से एक ही दिन में पांच की मौत, सरकार का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश में एक बार फिर कोरोना अपने पैर पसार रहा है। भारत के विभिन्न राज्यों में कोरोना केसों में उछाल देखने को मिला है। कोविड-19 संक्रमण के नए वेरिएंट जेएन-1 की केरल में पुष्टि के बाद सरकार देशभर में अलर्ट मोड पर है। 24 घंटे में देश में कोरोना के 260 नए मामले दर्ज किए गए हैं वहीं, यूपी और केरल में कोरोना से पांच लोगों की मौत हुई है। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से देश में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि और जेएन.1 स्वरूप का पहला मामला सामने आने के बीच निरंतर निगरानी बनाए रखने को कहा।

सोशल मीडिया पर वायरल

# दाऊद इब्राहिम को जहर देने से बिगड़ी तबीयत!

**इस्लामाबाद।** मोस्ट वांटेड अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाएं तेज हैं। दावा किया जा रहा कि दाऊद को कराची में जहर दिया गया है। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हालांकि इसको लेकर अभी तक कोई पुष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। सूत्रों के अनुसार दाऊद को जहर देने के पीछे पाकिस्तान की सबसे ताकतवर संस्था, उनकी सेना पर भी शक की सुई घूम रही है। ऐसा माना जा रहा है कि भारतीय एजेंसियों के दाऊद तक पहुंचने के डर से पाक सेना ने ऐसा किया है। पाकिस्तान को डर था कि भारत की एजेंसियों ने दाऊद को उठा लिया तो वह दुनिया के सामने एक्सपोज हो जाएगा। ऐसे में दुनिया के सामने जलालत से बचने के लिए उसने ये कदम उठा लिया हो। पाक सेना और आईएसआई पर शक की एक बड़ी वजह ये भी है कि लंबे समय से दाऊद इन दोनों के इशारे पर ही काम कर रहा था। ऐसे में मुमकिन है कि दोनों संस्थाओं के बहुत से काले कारनामों के राज भी दाऊद के पास होंगे, जिनके खुलने के डर ने उन्हें दाऊद को ▶▶शेष पेज 6 पर



### मुंबई ब्लास्ट के बाद छोड़ा भारत

दाऊद इब्राहिम के परिवार की बात की जाए तो वह बीवी-बच्चों के पास पाकिस्तान में रहता है। 1993 के मुंबई बम ब्लास्ट के समय उसने भारत छोड़ दिया था। कुछ समय बाद सामने आया था कि दाऊद पाकिस्तान के कराची में एक बड़े बंगले में रह रहा है। दाऊद ने 1990 में मुंबई की ही रहने वाली मेहजबीन से शादी की थी। दोनों के चार बच्चे हैं। सबसे छोटी बेटी की मौत हो गई थी। वहीं दो बेटियों और एक बेटे की शादी उसने पाकिस्तान में ही की है। दाऊद के पाकिस्तान में अपनी दूसरी शादी करने का भी दावा किया गया है।

### मुंबई में खुफिया एजेंसी अलर्ट

मुंबई ब्लास्ट का मास्टरमाइंड को कराची में जहर देने की खबरें सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भारत में खुफिया एजेंसी और पुलिस टीम अलर्ट हो गई हैं। अतीत में दाऊद से जुड़े लोगों, रिश्तेदारों से पूछताछ कर रही है। पुलिस टीम ने पुष्टि के लिए मुंबई में रह रहे दाऊद के भांजे अलीशाह पारकर और साजिद वागले के घर का दरवाजा खटखटाया और उनसे पूछताछ कर जानकारी हासिल करने की कोशिश की जा रही है। हालांकि, अभी दाऊद को जहर देने वाली जानकारी की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन उसकी तबीयत खराब है, जिसके लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



## चिंतन

# सांसदों का निलंबन हंगामे का हल नहीं

संसद में शीतकालीन सत्र के दौरान लगातार हंगामा कर रहे सांसदों पर लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति ने कड़ा एक्शन लिया है। हालांकि यह अपरिहार्य था और इसके अलावा कोई रास्ता नहीं था, यह बहस का विषय है, पर अभी बीते दो दशक से विपक्षी दलों ने संसद में हंगामे को अपना धर्म जरूर बना लिया है। इससे संसद की कार्यवाही बुरी तरह प्रभावित हो रही है। संसद हंगामे का पर्याय बन गई है। लोकसभा और राज्यसभा से सोमवार को 78 सांसदों को निलंबित कर दिया गया है, इनमें 33 लोकसभा व 45 राज्यसभा के हैं। लोकसभा से जिन सांसदों को निलंबित किया गया है, उनमें से 30 संसद के पूरे शीतकालीन सत्र तक सस्पेंड रहेंगे। बाकी तीन- को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक सस्पेंड किया गया है। इन तीनों पर स्पीकर के पोडियम पर चढ़कर नारेबाजी करने का आरोप है। इसी तरह, राज्यसभा से जिन 45 सांसदों को सस्पेंड किया गया है, उनमें से 34 को पूरे सत्र और 11 को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित किया गया है। बीते सप्ताह भी 14 सांसदों को निलंबित किया गया था। अभी कुल 92 सांसद निलंबन झेल रहे हैं। इसके बाद से विपक्ष पर सरकार का हमला बढ़ गया है। संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों के जोरदार हंगामे और गृहमंत्री अमित शाह से सदन में बयान देने की मांग को लेकर नारेबाजी के कारण लोकसभा व राज्यसभा की कार्यवाही कई दिनों से बाधित हो रही है और कई बार स्थगित करनी पड़ रही है। सदन में आसन की चेतावनी के बावजूद विपक्षी सांसद लगातार तख्तियां लहराते रहे हैं और सदन की अवमानना करते रहे हैं। यह सांसद के आचरण के अनुरूप नहीं है। पहली बार नहीं है, जब इतने व्यापक स्तर पर सांसदों को सत्र के दौरान हंगामा करने के चलते निलंबित किया गया हो, आंकड़े देखें तो पिछले 10 साल में लोकसभा और राज्यसभा के 154 सांसद निलंबित हो चुके हैं। इसमें उन सांसदों के नाम भी शामिल हैं, जिन्हें एक से ज्यादा बार सस्पेंड किया गया था। वर्ष 1989 में जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे और कांग्रेस के पास प्रचंड बहुमत था, तब एक बार में 63 सांसदों को निलंबित किया गया था। इन सभी सांसदों को एक हफ्ते के लिए निलंबित किया गया था। ये सांसद ठक्कर कमीशन की रिपोर्ट पर हंगामा कर रहे थे। ठक्कर कमीशन ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की जांच की थी। इसी पर हंगामा हुआ था। इन सांसदों के निलंबन के साथ ही चार और सांसदों ने भी वाकआउट कर दिया था। वर्ष 2013 में लोकसभा की तत्कालीन स्पीकर मीरा कुमार ने 12 सांसदों को पांच दिन के लिए सस्पेंड कर दिया था। ये सांसद आंध्र प्रदेश से अलग कर तेलंगाना बनाए जाने का विरोध कर रहे थे। वर्ष 1962 से ही संसद से सांसदों के निलंबन का इतिहास है। तीन सितंबर 1962 को गोदे मुरहारी को संसद के पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था। वर्ष 2012 के बाद से सांसदों का निलंबन सत्र के दौरान बढ़ा है। इसका कारण यह भी है कि विपक्ष में जो भी पार्टी हो, संसद सत्र के दौरान हंगामा कर संसदीय कार्यवाही में बाधा डालने की प्रवृत्ति बढ़ती गई है। अभी संसद में विधेयकों पर सारगर्भित बहस ना के बराबर होती है, विपक्ष हमेशा सरकार के हर कदम का विरोध करने व उस पर हंगामा खड़ा करने के मूड में रहता है। राज्यसभा के रूल बुक के नियम 255 व लोकसभा रूल बुक के नियम 373 व 374 के तहत सांसदों का निलंबन होता है। सांसदों का सामूहिक निलंबन हंगामा बंद कराने का हल नहीं है, इसका लोकतांत्रिक तरीका ही निकले।

## विचार
**अशोक चतुर्वेदी**

# सदन रत्न डॉ. रमन

डॉ. रमन को मैंने पहली बार अविभाजित मध्य प्रदेश की विधानसभा में सत्ता पक्ष के विधायक के तौर पर राज्यपाल के भाषण के चर्चा के दौरान सुना। सदन में बहुत मुखर ना होने के बावजूद वे ध्यान इसलिए खींचते थे क्योंकि वे सुदर्शन, सहज और विनम्र थे। सदन में लगातार उपस्थित रहते थे। अपनी जगह बैठकर कार्रवाई को एकाग्रता से सुनते और कम बोलते थे। कुशल सांसद विद होने के लिए सिर्फ अच्छा वक्त ही नहीं अच्छा श्रोता भी होना चाहिए। वे जब कभी चर्चा के दौरान हस्तक्षेप के लिए उठते थे तो सदन उन्हें ध्यान से सुनता था। महज विरोध के लिए विरोध करने या अखबारों की सुर्खियां बटोरने की गरज से डॉक्टर साहब ना कुछ करते थे ना कहते थे। विषय वस्तु को सलीके से रखना उनकी विशेषता थी। कम और सटीक शब्दों में वह अपनी बात सहजता से रखने के आदी रहे हैं।

डॉ रमन को सदन में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की बैंच पर बैठकर काम करने का अवसर मिला है। कम ही सदस्य ऐसे होते हैं जो इन दोनों भूमिकाओं में संगति बैठ पाते हों। अक्सर होता यह है कि जब आप विपक्ष में होते हैं तो व्यवस्था की विसंगतियां पर प्रहार करने का कोई मौका नहीं छोड़ते।सत्ता पक्ष को जैसे तैसे कटघरे में खड़ा करना उनका मुख्य उद्देश्य होता है। ऐसा करने में कई बार अधिकारियों का अवांछित बचाव और पार्टी का प्रचार परम लक्ष्य बन जाता है। डॉक्टर रमन इस कथन के अपवाद हैं। ऐसा इसलिए संभव हो सका कि वे घटनाओं और परिस्थितियों को वस्तुनिष्ठ ढंग से देखते हैं और तभी किसी नतीजे पर पहुंचते हैं। वह उन बिरले जनप्रतिनिधियों में से एक हैं जिन्हें कथनी और करनी के अंतर विरोध का सामना नहीं करना पड़ता।



3 सितंबर 1992 को मध्य प्रदेश की विधानसभा में बस्तर के मरईगुड़ा गांव के पास नक्सलियों द्वारा बारूदी सुरंग विस्फोट से 17 पुलिस कर्मियों के शहीद होने पर स्थगन प्रस्ताव लाया गया ।पटवा जी मुख्यमंत्री थे। उस समय डॉक्टर रमन ने न सिर्फ सदन में घटना का विश्लेषण किया बल्कि बड़े तार्किक ढंग से नक्सल समस्या को दूर करने के लिए जन सहयोग और विकास की जरूरत बताई। विधि का विधान देखिए,इन्ही डॉक्टर रमन को एक दिन मुख्यमंत्री के रूप में यह समस्या विरासत में मिली। उन्होंने डेढ़ दशक पहले अपने द्वारा सुविचारित ढंग से रखे गए दृष्टिकोण को मुख्यमंत्री के कार्यकाल में व्यवहार की जमीन पर उतारा। आदिवासी क्षेत्र के विकास को लेकर जो रणनीति उन्होंने अपननाई उसने उन्हें सफल प्रशासक से आगे एक जननायक के रूप में प्रतिष्ठित किया। छत्तीसगढ़ के लिए डॉक्टर रमन की प्रतिबद्धता का अंदाज अभिभाजित मध्य प्रदेश की विधानसभा में अक्सर देखने को मिलता रहा है ।1991 में अल्प वर्षा की वजह से इस क्षेत्र की दयनीय दशा का चित्र उन्होंने अल्पकालिक चर्चा के दौरान खींचा ।दिसंबर 1991 के सत्र में उन्होंने जिलों के पुनर्गठन और बिलासपुर में रेल जोन मुख्यालय स्थापित करने की मांग, अशासकीय संकल्प के माध्यम से रखी। मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने जिलों के पुनर्गठन और केंद्रीय संस्थानों को छत्तीसगढ़ में स्थापित करने की जो मुहिम चलाई थी ,वह उनके इसी दृष्टिकोण का हिस्सा रही है। कृषि, सिंचाई, शिक्षा, वित्त और पर्यटन जैसे विभाग उनकी विशेष रुचि के विषय हुआ करते थे। अशासकीय सदस्य के तौर पर डॉक्टर साहब इन विभागों की अनुदान मांगों पर बहस में सक्रियता से हिस्सा लेते थे। जब बृजमोहन अग्रवाल पर्यटन विभाग के मंत्री थे तो डॉक्टर साहब ने उनसे छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों को विकसित करने का पुरजोर आग्रह सदन में किया था।

मध्य प्रदेश की विधानसभा में छत्तीसगढ़ के विधायकों की एक टीम जैसी बन गई थी जो कभी-कभार अपनी माटी और अपने लोगों से लगाव की खातिर पार्टी हितों से आगे जाकर भी मुखर होती थी। यही कारण था कि छत्तीसगढ़ का गठन इतनी सुचारुता और सुगमता से संभव हो सका। अपने समकालीन मित्रों और वरिष्ठों के साथ डॉ रमन ने समय-समय पर अपने संसदीय ज्ञान को परवान चढ़ाया है। अच्छे बर्ताव और सुहृद बनकर उन्होंने दल के बाहर भी सबका स्नेह और सम्मान अर्जित किया। लॉबी कार्य में कुशल हुए बिना लंबी संसदीय पारी खेल पाना किसी के लिए संभव नहीं होता। इस क्षेत्र में भी उन्होंने स्वस्थ मानदंडों के सहारे अपनी योग्यता सिद्ध की है। वह छत्तीसगढ़ के अग्रगण्य संसदविद हैं। विधानसभा अध्यक्ष के रूप में एक निष्पक्ष ,निर्भीक, अनुभवी और मर्मज्ञ व्यक्ति छत्तीसगढ़ को मिला है। उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की विधानसभा अपनी गौरवपूर्ण परंपरा को आगे बढ़ाएगी। *-लेखक पूर्व सचिव, मध्यप्रदेश विधानसभा*

# नये साल की दहलीज पर



**करवट**
कुमार प्रशांत

> 2023 के अंतिम दिनों में, 12–28 नवंबर के दौरान मौत की सुरंग में घुटते 41 लोग जिस तरह 400 घंटों की मेहनत के बाद, जीवन की डोर पकड़ कर हमारे बीच लौट आए, वह भूलने जैसा नहीं है। यह चमत्कार, किसी नेता या सरकार ने नहीं किया, आदमी के भीतर के आदमी ने किया। यह कहना भी बेजा बात है कि मशीनों ने नहीं, मनुष्य के हाथों ने ही अंततः उन श्रमिकों को बचाया. सच का सच यह है कि मशीनों ने जहां तक काम कर दिया था यदि उतना न किया होता तो इन श्रमिकों का बचना कठिन था; उतना ही सच यह भी है कि जहां पहुंच कर मशीनें हार गई थीं वहां से आगे का काम हाथों ने न किया होता तो इन श्रमिकों का बचना असंभव था।

365 दिनों के रिश्ते को एक झटके में तो आप विदा नहीं कह सकते हैं न ! भले ही 2023 का कैलेंडर चुक जाए, ये 365 दिन हमारे साथ रहेंगे। और यह भी याद रखने जैसी बात है कि इन 365 दिनों ने कम-से-कम 365 ऐसे जख्म तो दिए ही हैं जो अगले 365 दिनों तक कसकते रहेंगे। अपनी कहूं तो यह दर्द और यह असहायता मुझे भीतर तक छलनी कर देती है कि हम हैं और मणिपुर भी है; कि हम हैं और कश्मीर भी है; कि हम हैं और उत्तरप्रदेश भी है; कि हम हैं और सार्वजनिक जीवन की तमाम मर्यादाओं को गिराती व संविधान को कुचलती सत्ता की राजनीति भी है। मेरा दम घुटता है कि हम सब हैं और यूक्रेन भी है; कि हम सब हैं और गजा भी है; अफगानिस्तान भी है व म्यांमार भी है; पास का पाकिस्तान भी है, सुदूर के वे सब नागरिक भी हैं जिनका अपना कोई देश नहीं है। जो कहीं, किसी देश के नागरिक नहीं माने जा रहे हैं लेकिन हैं वे हमारी-आपकी तरह ही नागरिक; हमारी-आपकी तरह इंसान ही। इंसान के माप की दुनिया भी तो नहीं बना पाए हैं हम !

तमाम बड़ी-बड़ी संस्थाएं, आयोग, ट्रस्ट और योजनाएं बनी पड़ी हैं कि इंसान को सहारा दिया जाए लेकिन आज दुनिया में जितने बेसहारा लोग ( सिर्फ रोहंग्या नहीं ! ) सड़कों पर हैं, उतने पहले कभी नहीं थे। आज अपनी-अपनी सरकारों के खिलाफ जितने ज्यादा लोग संघर्षरत हैं, उतने पहले कभी नहीं थे। आज असहमति के कारण जितने लोग अपने ही मुल्क की जेलों में बंद हैं, उतने पहले नहीं थे। सरकार बनाने वाली जनता व उनकी बनाई सरकार के बीच की खाई आज जितनी गहरी हुई है, होती जा रही है, उतनी पहले कभी नहीं थी। यह तस्वीर कहीं एक जगह की नहीं, सारे संसार की है। लोकतंत्र का 'लोक' अपने 'तंत्र' से परेशान है; 'तंत्र' अपने 'लोक' को मुट्ठी में करने की बदहवासी में दानवी होता जा रहा है। हम यह भी देख रहे हैं कि कल तक प्रगतिशील नारों की तरफ आकर्षित होने वाले लोग, बड़ी तेजी से प्रतिगामी नारों- आवाजों की तरफ भाग रहे हैं; और वहां से मोहभंग होने पर फिर वापस लौट रहे हैं। यह सच में वापसी होती तो भी आशा बंधती लेकिन यह निराशा की वापसी है।

हत्या से ठीक पहले वाली रात यानी अपनी जिंदगी की आखिरी रात को गांधी ने भविष्यवाणी-सी जो बात संसदीय लोकतंत्र के लिए लिखी थी, वह दस्तावेज हमारे बीच धरा हुआ है। कभी लगता है कि दुनिया उस तरफ ही भाग रही है। गांधी ने लिखा था : संसदीय लोकतंत्र के विकास-क्रम में ऐसी स्थिति आने ही वाली है जब लोक व तंत्र के बीच सीधा मुकाबला होगा। क्या हम उस दिशा में जा रहे हैं? लेकिन यह मुकाबला निराशा या भटकाव के रास्ते संभव नहीं है। 2023 निराशा व अनास्था का यह टोकरा 2024 के सर धर कर बीत जाएगा और छीजते-छीजते मानव रीत जाएगा।

यह सब कहते हुए मैं भूला नहीं हूं कि आपाधापी के इस दौर में भी हर कहीं कोई 'आंग-सू' भी है। मेरी आंखों में वे अनगिनत लोग भी हैं जो फलस्तीनियों के राक्षसी संहार का विरोध करने इंग्लैंड, अमरीका आदि मुल्कों में सड़कों पर निकले हैं। मैं यह भी देख पा रहा हूं कि फलस्तीनियों व हमास में फर्क करने का विवेक रखा जा रहा है। मैं भूला नहीं हूं कि श्रीलंका के भ्रष्ट व निकम्मे सत्ताधीशों को सिफर बना देने वाला श्रीलंका का वह नागरिक आंदोलन भी इन्हीं 365 दिनों की संतान है, भले वह आज बिखर गया है। इन 365 दिनों में भारत समेत संसार की तथाकथित महाशक्तियां अपने स्वार्थ का तराजू लिए जैसी निर्लज्ज सौदेबाजी में लगी रही हैं, उस



बीच भी म्यांमार में नागरिक प्रतिरोध बार-बार अपनी ताकत समेट कर सर उठा रहा है। इन 365 दिनों की चारदीवारी के भीतर बहुत कुछ मानवीय भी घट व बन रहा है जिसे समर्थन व सहयोग की जरूरत है।

2023 के अंतिम दिनों में, 12-28 नवंबर के दौरान मौत की सुरंग में घुटते 41 लोग जिस तरह 400 घंटों की मेहनत के बाद, जीवन की डोर पकड़ कर हमारे बीच लौट आए, वह भूलने जैसा नहीं है। यह चमत्कार, किसी नेता या सरकार ने नहीं किया, आदमी के भीतर के आदमी ने किया। यह कहना भी बेजा बात है कि मशीनों ने नहीं, मनुष्य के हाथों ने ही अंततः उन श्रमिकों को बचाया. सच का सच यह है कि मशीनों ने जहां तक काम कर दिया था यदि उतना न किया होता तो इन श्रमिकों का बचना कठिन था; उतना ही सच यह भी है कि जहां पहुंच कर मशीनें हार गई थीं वहां से आगे का काम हाथों ने न किया होता तो इन श्रमिकों का बचना असंभव था। मशीनों व इंसानों के बीच यही तालमेल व संतुलन चाहिए। जब गांधी कहते हैं कि आदमी को खारिज करने वाली मशीनें मुझे स्वीकार नहीं हैं लेकिन आदमी की मददगार मशीनें हमें चाहिए, तो वे वही कह रहे थे जो सिल्कयारा-बारकोट सुरंग में फंसे श्रमिकों को बचाने में साबित हुआ। उन सबको सलाम जो यह कठिन काम अंजाम दे सके लेकिन उन सवालों को उसी सुरंग में दफना नहीं दिया जाना चाहिए जिनके कारण यह त्रासदी हुई। दुर्घटनाओं के पीछे असावधानियां होती हैं। निजी असावधानी की कीमत व्यक्ति भुगत लेता है लेकिन जिस असावधानी का सामाजिक परिणाम हो, वह न छोड़ी जानी चाहिए, न भुलाई जानी चाहिए। उसका खुलासा होना चाहिए तथा असावधानी की जिम्मेवारी तय होनी चाहिए। कोई बताए कि खोखले दावों व जुमलेबाजियों के प्रकल्प के अलावा हमारे सरकारी प्रकल्पों को पूरा होने में इतना विलंब क्यों चल रहा है? सुरंगों की ऐसी खुदाई में श्रमिकों को असुरक्षित उतारने वाले ठेकेदार व अधिकारी कौन थे? उनको क्या सजा मिल रही है? ऐसी खुदाइयों के जो सुनिश्चित मानक बने हुए हैं, यहां उनका पालन क्यों नहीं किया गया ? इसके जिम्मेवार कौन थे व उनकी क्या सजा तय हुई ? न धरती मुर्दा है, न पहाड़ ! इनके साथ व्यवहार की तमीज न हो तो आपको इनसे दूर रहना चाहिए। पूरा हिमालय हमारी मूढ़ता व संवेदनशीलता का पहाड़ बन गया है। उत्तरकाशी का यह हादसा भी भुला दिया जाएगा क्योंकि विकास के जहरीले सांप ने हमें बेसुध कर रखा है। तो 2024 का एक संकल्प यह भी हो सकता है : सांप से बचो तो हिमालय बचेगा भी और हमें बचाएगा भी।

मैं यह भी देख रहा हूं कि समाज का अर्द्ध-साक्षर लेकिन बेहद सुविधा प्राप्त वह वर्ग, जो 'न हींग लगे व फिटकरी लेकिन रंग आए चोखा' वाली शैली में जीवन जीने के आसान, कायर रास्तों की खोज में रहता है; जिसने आजादी की लड़ाई में बमुश्किल कोई भूमिका अदा की लेकिन जो आजादी का भोग सबसे ज्यादा भोगता रहा है; जिसने हमेशा एकाधिकारशाही का मुदित मन स्वागत किया है; जिसने पिछले वर्षों में हिंदुत्व की लहर पर चढ़ कर, अपनी खास हैसियत का लड्डू खाने का सपना देखा है, अब मोहभंग जैसी स्थिति में पहुंच रहा है। उसे लगने-लगा है कि उसके हाथ मनचाहा लग नहीं रहा है। आजादी के तुरंत बाद ही सत्ता व स्वार्थ की जैसी आपाधापी मची उससे हैरान गांधी ने कहा था: समाज भूखा है यह तो मैं जानता था लेकिन वह भूख ऐसी अजगरी है, इसका मुझे अनुमान नहीं था। सांप्रदायिकता-जातीयता-एकाधिकारशाही हमेशा ही वह दोधारी तलवार है जो इधर-उधर, दोनों तरफ बारीक काटती है। जब तक दूसरे कटते हैं, हम ताली बजाते हैं; जब हम कटते हैं तब ताली बजाने की हालत में भी नहीं बचते हैं। अब कहीं, कोई ताली नहीं बची है। सर धुनने की आवाजें आ रही हैं। यह सन्निपात की स्थिति है और सामाजिक सन्निपात हिटलरी मानसिकता को बढ़ावा देता है।

नये साल की दहलीज पर खड़ा हमारा देश अपनी निराशा से निकले, सन्निपात की आवाजों को सुने-समझे तो नये साल में कोई नई संभावना पैदा हो सकती है। संभावना सिद्धि नहीं है। उसे सिद्धि तक पहुंचाने के लिए मानवीय पुरुषार्थ का कोई विकल्प नहीं है। हमें याद रखना चाहिए कि चेहरे बदलने से, 'म्यूजिकल चेयर' खेलने से विकल्प नहीं बनते हैं। उनके पीछे गहरी समझ व संकल्प की जरूरत होती है। नया साल हमारे नये पुरुषार्थ का साल बने इस कामना के साथ हम पुराने 365 दिनों को विदा दें तथा नये 365 दिनों का स्वागत करें।

***मुश्किल से जो लब तक आई है एक कहानी वह भी है***
***और जो अब तक नहीं कही है एक कहानी वह भी है।***

# जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित
**दर्शन**

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।- आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पी के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

# अच्छी बातों को याद कर उसे जीवन में उतारें



संकलित
**प्रेरणा**

महाभारत में श्रीकृष्ण की मदद से पांडवों ने कौरवों को पराजित कर दिया था, इसके बाद युधिष्ठिर राजा बन गए। महाभारत युद्ध के बाद जब श्रीकृष्ण द्वारका पहुंचे तो कुछ समय बाद यदुवंशी आपस में लड़कर मारे गए। जब श्रीकृष्ण का अपने धाम लौटने का समय आया तो उन्होंने अपना अंतिम ज्ञान उद्धव को दिया था। उद्धव श्रीकृष्ण के काका के बेटे थे और बहुत विद्वान थे। उद्धव ने श्रीकृष्ण से कई प्रश्न पूछे और भगवान ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। जब उद्धव श्रीकृष्ण की बातों से संतुष्ट हो गए तो श्रीकृष्ण ने कहा कि उद्धव, अब मैं अपने धाम जाऊंगा यानी मैं इस संसार को छोड़कर जाने वाला हूं। अब तुम्हें भी मुझसे विदा होना होगा। ये बात सुनकर उद्धव दुखी हुए और उन्होंने श्रीकृष्ण का हाथ पकड़ लिया और कहा कि आप इस तरह मुझे छोड़कर नहीं जा सकते, मैं भी आपके साथ चलूंगा। श्रीकृष्ण ने उद्धव को समझाते हुए कहा कि इस दुनिया में सभी अकेले आते हैं और अकेले ही जाते हैं। इतना कहने के बाद श्रीकृष्ण ने अपनी चरण पादुकाएं उद्धव को भेंट में दे दीं और कहा, इस भेंट को याद रखना और अब तुम बद्रीकाश्रम चले जाओ। बद्रीनाथ के पर्वतों पर मैंने तुम्हें जो बातें बताई हैं, उन बातों का चिंतन करना। ये पादुकाएं तुम्हें मेरी अच्छी बातें याद दिलाएंगी। जो ज्ञान मैंने तुम्हें दिया है, उसका लोगों के हित में सही उपयोग करना। श्रीकृष्ण की ये बातें सुनकर उद्धव वहां से चले गए। इसके कुछ समय बाद जरा नाम के शिकारी का बाण श्रीकृष्ण के पैर के तलवे पर लगा। इसके बाद श्रीकृष्ण अपने धाम लौट गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाया जाए

हमारा देश गांवों का देश है। यहां पंचायती राज व्यवस्था का सुदृढ़ होना बहुत जरूरी है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने गांवों की दशा सुधारने के लिए कहा था कि अगर पंचायती राज संस्थाएं उचित तरीकों से काम करती हैं और आम जन विकास के कामों में भाग लेता है, तो देश में माओवादी खतरे का मुकाबला भी किया जा सकता है। पंचायतें लोकतंत्र की प्रथम सीढ़ी और आधार होती हैं। गांवों की दशा सुधारने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों से ज्यादा जिम्मेदारी पंचायतों की होती है। पंचायतों से यही उम्मीद होती है कि वे अपने-अपने गांव में अच्छा बदलाव और विकास करेंगी और केंद्र व राज्य सरकारों की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए बिना किसी भेदभाव के काम करेंगी।

*-राकेश गुप्ता, कांकेर*

**संकल्प यात्रा**
चंद्रशेखर साहू



# विकसित भारत का संकल्प सबका विकल्प

प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी अपने संबोधनों में बार-बार विकसित भारत को निर्मित करने के लिए ठोस कार्ययोजना की बात करते हैं। भारतीय जनों की श्रम शक्ति और देश भक्ति को विकास की शक्ति में रूपांतरित करने के लिए विकसित भारत की परियोजना पर काम कर रहे हैं। इस विकसित भारत संकल्प यात्रा को प्रधानमंत्री मोदी के 'आह्वान' को साकार रूप देने की कोशिश के रूप में भी देखा जा सकता है। विकसित भारत संकल्प यात्रा देश भर में निकाली जा रही है जिसका उद्देश्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में परिपूर्णता हासिल करना है और इसके तहत यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे।

इस यात्रा का उद्देश्य विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करना और योजनाओं के शत प्रतिशत संतृप्ति के लिए 'जनभागीदारी' की भावना में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करना है। यह भारत सरकार की अब तक की सबसे बड़ी आउटरीच पहल है। यह पहल 25 जनवरी, 2024 तक देश भर में 2.60 लाख ग्राम पंचायतों और 4000 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों को कवर करेगी। केवल एक महीने की छोटी सी अवधि में, यह यात्रा देश की 68,000 ग्राम पंचायतों (जीपी) में 2.50 करोड़ से अधिक नागरिकों तक पहुंच गई है। इसके अलावा, लगभग 2 करोड़ व्यक्तियों ने विकसित भारत संकल्प भी लिया है और केंद्र सरकार की योजनाओं के 2 करोड़ से अधिक लाभार्थियों ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' पहल के तहत अपने अनुभव साझा किए हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा न केवल एक भरोसा है, बल्कि वास्तविक सुधारों से भरी एक यात्रा है। यहां कुछ उपलब्धियों को दर्शाया गया है जो प्रगति की अहम तस्वीर प्रस्तुत करती हैं।




पीएम मोदी के नेतृत्व में, लोगों के लिए गैस सिलेंडर, आधार अपडेट, ऋण और बैंक खाते जैसी आवश्यक चीजों तक पहुंच अधिक सुलभ हो गई है।' विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सामुदायिक जुड़ाव को प्रोत्साहित करते हुए जोर दिया गया है , 'मोदी की गारंटी के तहत, हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी वंचित न रहे।'

बीमा योजना और पेंशन योजना जैसी महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं को शामिल करने के लिए चर्चा को आगे बढ़ाया गया , जिसमें व्यक्तियों से 60 वर्ष की आयु तक पहुंचने पर अपना भविष्य सुरक्षित करने का आग्रह किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के व्यापक मिशन के साथ इन पहलों को जोड़ते हुए, उन्होंने सामुदायिक कल्याण और सक्रिय भागीदारी की सामूहिक भावना के साथ प्रत्येक व्यक्ति को सशक्त बनाने का लक्ष्य रखा। सरकार ने जनता को तपेदिक (टीबी) और रोगी देखभाल के लिए आवश्यक उपायों के बारे में शिक्षित करने में भी काम किया। उपचार के लिए पोषण संबंधी सहायता और आवश्यक दवा के प्रावधान शामिल हैं। स्वास्थ्य शिविरों में भाग लेने और स्वास्थ्य जांच और जागरूकता के लिए सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) वैन के किए जाए । यह रणनीति 'व्यक्तियों को उनकी भलाई के लिए आवश्यक स्वास्थ्य ज्ञान और संसाधनों के साथ सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन की गई हैं।'

जैसा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा ने अपनी व्यापक पहुंच जारी रखी है, इस तरह की जमीनी स्तर की पहल के परिवर्तनकारी प्रभाव को दूरगामी है। प्रधानमंत्री का का दृढ़ विश्वास एक सूचित और समावेशी समाज को आकार देने के लिए आवश्यक निरंतर प्रतिबद्धता पर जोर देता है। यह सामूहिक प्रयास एक अधिक समृद्ध और न्यायसंगत भारत की दिशा में एक मार्ग प्रशस्त करता है, जो सभी के लिए एक उज्जवल भविष्य की सामूहिक आकांक्षा के साथ प्रतिध्वनित होता है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा देश को नए पायदान पर खड़ा करने की एक सशक्त और महत्वाकांक्षी पहल है, हमें इस यज्ञ में भारतीय नागरिक के रूप में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ज़ी का विजन है की आगामी दशकों में युवा, वृद्ध, महिला, किसान, श्रमिक, उद्यमी सभी को साथ लेकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सपनो का साकार करते हुए एशिया और विश्व पटल पर भारत एक महाशक्ति के रूप में उभरने वाला है । यह सदी चुनौती के साथ साथ संभावनाओ से भरी हुई है, इस दृष्टी से विकसित भारत का संकल्प वैश्विक समस्या का भी समाधान करक पहल सिद्ध हो सकता है एवं 'श्रेष्ठ भारत - एक भारत - नया भारत' की अवधारणा विकसित भारत संकल्प यात्रा से सार्थक होगी।

## ट्रेंड

### उत्साह बढ़ाने वाला



वाराणसी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में हमारी माताओं और बहनों ने बताया कि किस तरह उज्ज्वला और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं से उनका जीवन आसान हुआ है। किस तरह से उन्हें लाभ मिल रहा है। यह हम सभी के उत्साह बढ़ाने वाला है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं



जीविकोपार्जन एवं व्यवसाय करना हर नागरिक का सांविधानिक अधिकार है, ये बात संविधान की शपथ लेकर सत्ता चलाने वालों को याद दिलायी जाए। नियमों के उल्लंघन पर यदि दुर्भावना आधार है तो देश के लिए इससे दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं।

**-अखिलेश यादव, सपा नेता**

### एक उत्कृष्ट सीख



मेरे पिता कभी सख्त नहीं थे। उन्होंने मुझे यह चुनने दिया कि मैं जीवन में क्या करना चाहता हूं और समर्थन किया। जिस तरह से उन्होंने बच्चों का पालन-पोषण किया और आज़ादी दी। वह पालन-पोषण के लिए एक उत्कृष्ट सीख है।

**-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर**

### गाने में जान भर दी



तुम जो मांग लोगे दिल तो ये जान देगा बंदा, वादों का, इरादों का और अपने यारों का यार, एक और यार दिलजीत दोसांझ पाजी ने इस गाने में जान भर दी है। हार्डी को सभी के प्यार के लिए बंदा बनाने के लिए धन्यवाद और प्यार पाजी।

**-शाहरुख खान, अभिनेता**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## आईपीएल नीलामी



**1166** खिलाड़ी थे पंजीकृत

**333** खिलाड़ी शार्टलिस्ट

**77** प्लेयर्स का होगा चयन

**214** भारतीय खिलाड़ी

**119** विदेशी खिलाड़ी

*आईपीएल नीलामी 2024 में छत्तीसगढ़ के क्रिकेटर अमनदीप खरे, शुभम अग्रवाल और शशांक सिंह के भाग्य का फैसला आज मंगलवार को होगा। खिलाड़ियों की बेस प्राइस 20-20 लाख रुपए है। बता दें कि आईपीएल ऑक्शन के लिए 333 खिलाड़ियों की सूची जारी की गई है।*

देश से बाहर दुबई में पहली बार हो रहा ऑक्शन

# आईपीएल में छग के अमनदीप, शुभम और शशांक के भाग्य का फैसला आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

333 खिलाड़ियों में से 214 भारतीय और 119 विदेशी खिलाड़ी हैं। इन खिलाड़ियों में छत्तीसगढ़ के अमनदीप खरे, शुभम अग्रवाल, शशांक सिंह को जगह मिली है। आईपीएल 2024 के मिनी ऑक्शन में कुल 333 खिलाड़ी शामिल हैं।

दोपहर 1 बजे से शुरू हो जाएगी ऑक्शन


अमनदीप खरे


शुभम अग्रवाल


शशांक सिंह

### माफाका सबसे युवा खिलाड़ी

दक्षिण अफ्रीका के 17 वर्षीय क्वेना माफाका आईपीएल 2024 की नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट होने वाले सबसे कम उम्र की क्रिकेटर हैं। अफगानिस्तान के 38 वर्षीय मोहम्मद नबी आईपीएल 2024 नीलामी में शॉर्टलिस्ट किए गए सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं।



### इन पर नजर

**रचिन रवीन्द्र**
18 टी20 : 145 रन

**ट्रैविस हेड**
23 टी20 : 554 रन

**हैरी ब्रूक**
25 टी 20 : 495 रन

**शार्दूल ठाकुर**
25 टी 20 : 33 विकेट

**पैट कमिंस**
50 टी20 : 55 विकेट

### 19 सेट में होगी नीलामी

खिलाड़ियों को 19 अलग-अलग सेट में बांटा गया है। इसमें बल्लेबाज, तेज गेंदबाज, ऑलराउंडर, स्पिन गेंदबाज, कैप्ड और अनकैप्ड जैसे कई सेट हैं। हर सेट के आधार पर बोली लगेगी। पहले कैप्ड फिर अनकैप्ड खिलाड़ियों की नीलामी होगी। कुल 23 खिलाड़ियों का बेस प्राइस दो करोड़ रुपए हैं। इसमें मिचेल मार्श, उमेश यादव और शार्दुल ठाकुर जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। 13 खिलाड़ियों का बेस प्राइस 1.5 करोड़ रुपए है।

### सैम सबसे महंगे खिलाड़ी

इंग्लैंड के सैम करन आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। उन्हें पिछले ही सीजन में पंजाब किंग्स ने 18.50 करोड़ रुपए में खरीदा था। इस साल उनका रिकॉर्ड टूट सकता है।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



## खबर संक्षेप

### माया के उत्तराधिकारी आकाश लड़ेंगे चुनाव



**नई दिल्ली।** बसपा प्रमुख मायावती ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। मायावती ने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी बनाया है। उत्तराधिकारी बने आकाश आनंद को लोकसभा चुनाव लड़ा सकती हैं।

### टक्कर के बाद व्यक्ति को बोनट पर घसीटा



**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के कोटला मुबारकपुर इलाके में एक मिनीबस ने 25 वर्षीय युवक को कथित तौर पर टक्कर मारी और उसके बाद उसे कुछ दूरी तक बोनट पर भी घसीटा गया। यह घटना रविवार रात हुई।

### इजरायल को मिली 'सबसे बड़ी सुरंग'



**गाजा।** हमास के खिलाफ कार्रवाई में जुटी इजरायली सेना को एक सुरंग के तौर पर बड़ी कामयाबी मिली है। सेना ने इसे हमास के नेटवर्क की 'सबसे बड़ी' सुरंग करार दिया है। कहा जा रहा है कि इस 4 किमी टनल के लिए जरिए वाहनों के जरिए भी आवाजाही संभव है।

*138 साल पुराने भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम की जगह नया बिल*

# सिम कार्ड के लिए लगेगा 'अंगूठा', बिना सहमति नहीं भेज सकेंगे प्रोफेशनल मैसेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने 138 साल पुराने भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम को बदलने से संबंधित भारतीय दूरसंचार विधेयक, 2023 को सोमवार को लोकसभा में पेश किया। संचार, इलेक्ट्रोनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर लोकसभा में विपक्षी सदस्यों के जोरदार हंगामे के बीच यह विधेयक पेश किया। इस विधेयक के जरिये सरकार नया दूरसंचार कानून बनाने का प्रस्ताव कर रही है, जो टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 की जगह लेगा। इस विधेयक को मंत्रिमंडल ने अगस्त में मंजूरी दी थी। इस मसौदा कानून के जरिये दूरसंचार कंपनियों के लिए कई अहम नियम सरल तो होंगे ही, इसके जरिये उपग्रह सेवाओं के लिए भी नये नियम लाये जाएंगे। विधेयक में दूरसंचार नियामक संस्था ट्राई के अधिकार क्षेत्र में फेरबदल के प्रावधान शामिल किये गये हैं।

*केंद्र सरकार ने 138 साल पुराने इंडियन टेलीग्रॉफ एक्ट को बदलने के लिए लोकसभा में भारतीय दूरसंचार विधेयक, 2023 को पेश कर दिया है। नए कानून में सिम कार्ड के लिए बायोमैट्रिक जरूरी होगा। इसके अलावा आपात स्थिति में किसी भी टेलीकॉम सर्विस या नेटवर्क के टेक ओवर, मैनेजमेंट या उसे सस्पेंड करने का अधिकार सरकार के पास होगा, वहीं कोई भी कंपनी ग्राहक की सहमति के बिना प्रोफेशनल मैसेज नहीं भेज सकेंगी।*

### पहले ग्राहक की सहमति, फिर विज्ञापन

इसमें यह भी अनिवार्य किया गया है कि कंज्यूमर्स को गुड्स, सर्विसेज के लिए विज्ञापन और प्रमोशनल मैसेज भेजने से पहले उनकी सहमति लेनी होगी। इसमें यह भी बताया गया है कि टेलीकॉम सर्विसेज देने वाली कंपनी को एक ऑनलाइन मैकेनिज्म बनाना होगा।

### उपभोक्ताओं को बेवजह विज्ञापन वाले मैसेज से मिलेगी राहत

नए बिल में क्या

- सरकार के पास होगा अधिकार, पब्लिक सेफ्टी के लिए टेकओवर या सस्पेंड कर सकेगी मोबाइल नेटवर्क
- इंटरनेट आधारित कॉलिंग और मैसेजिंग सेवाओं के एक महत्वपूर्ण हिस्से को दूरसंचार नियमों के दायरे से मिल सकेगी छूट
- कंपनी द्वारा अपना परमिट सरेंडर करने की स्थिति में लाइसेंस, पंजीकरण आदि की फीस वापस करने जैसे कुछ नियमों होंगे आसान



### इन कंपनियों को फायदा

*नए बिल में टेलीकॉम स्पेक्ट्रम के एडमिनिस्ट्रेटिव एलॉकेशन को बायपास करने का भी प्रावधान है। नए बिल से रिलायंस जियो, भारती एयरटेल के वनवेब और एलन मस्क के स्टारलिंक जैसे प्लेयर्स को फायदा होगा।*

### अवैध फोन टैपिंग पर 3 साल की जेल, दो करोड़ जुर्माना

*अवैध रूप से फोन संचार को बाधित करना, अनधिकृत डेटा स्थानांतरण या दूरसंचार नेटवर्क तक पहुंच हासिल करने का प्रयास करने पर जल्द ही तीन साल तक की कैद की सजा या दो करोड़ रुपए तक का जुर्माना या दोनों लागू हो सकते हैं। इसके अलावा यदि कोई राष्ट्रीय सुरक्षा, दूसरे देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों के हित के खिलाफ काम करेगा तो कार्रवाई होगी।*

### ऐसी स्थिति में सरकार का कब्जा

टेलीकम्युनिकेशन बिल, 2023 के प्रावधानों के मुताबिक आपदा प्रबंधन या पब्लिक सेफ्टी के हित में किसी भी आपातकाल की घटना पर, केंद्र या राज्य सरकार का कोई भी अधिकृत अधिकारी किसी भी टेलीकम्युनिकेशन सर्विस या टेलीकम्युनिकेशन नेटवर्क पर अस्थायी कब्जा ले सकता है। टेलीकम्यूनिकेशन बिल के तहत सरकार दूरसंचार विधेयक के मसौदे में यूजर्स की सेफ्टी को बढ़ाने के लिए ओवर-द-टॉप या इंटरनेट आधारित कॉलिंग एवं मैसेजिंग ऐप्स को दूरसंचार की परिभाषा के तहत लाने का प्रस्ताव है।

सीएम साय के निर्देश पर सख्ती

# दंतेवाड़ा, बीजापुर के जंगलों में पकड़े गए 11 नक्सली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर राज्य में नक्सल घटनाओं पर कड़ाई से रोक लगाने के लिए पुलिस एवं केंद्रीय बलों के जवानों द्वारा संयुक्त रूप से अभियान शुरू किया है। सर्चिंग अभियान को सोमवार को बड़ी सफलता मिली है। दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले में 11 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। बीजापुर जिले के गट्टापल्ली में थाना कुटरू के पुलिस जवानों के द्वारा जनमिलिशिया ▶▶|शेष पेज 6 पर

### पंचायत मिलिशिया का डिप्टी कमांडर भी

गिरफ्तार माओवादियों में सुनील माड़वी हुर्रेपाल पंचायत मिलिशिया का डिप्टी कमांडर है। यह सभी 26 नवम्बर 2023 को भांसी निर्माण कार्य में लगे वाहनों की आगजनी की घटना में शामिल रहे हैं।

### यहां से पकड़े गए 10 नक्सली

दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सरहदी क्षेत्र हुर्रेपाल एवं बेचापाल में पुलिस पार्टी को देखकर कुछ संदिग्ध लोग भागने और छिपने लगे पुलिस पार्टी ने घेराबंदी कर 10 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें मोती ओयाम, कारू कड़ती, छोटू हेमला, राजेश कड़ती, सोमारू ओयाम, सुनील माड़वी, माड़का लेकाम, आयतु, कोया हेमला एवं बचलू मड़काम शामिल हैं।

## दुनिया का सबसे बड़ा ध्यान केंद्र



| 68000 | 07 | 4000 | 125 | 20000 |
|---|---|---|---|---|
| वर्ग फुट में फैला हुआ महामंदिर | मंजिला भव्य स्वर्वेद महामंदिर तैयार | वेदों के दोहे लिखे गए | पंखुड़ियों वाला कमल शिखर | लोग एक साथ कर सकेंगे ध्यान |



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वाराणसी में दुनिया के सबसे बड़े ध्यान केंद्र 'स्वर्वेद महामंदिर' का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ध्यान केंद्र का दौरा किया।

# तमिलनाडु में बाढ़, 800 रेल यात्री फंसे, पटरियां डूबीं



*24 घंटे की अवधि के दौरान 95 सेंटीमीटर बारिश*

*खेत, सड़कें और रिहायशी इलाके जलमग्न*

**मदुरै।** बाढ़ के कारण तमिलनाडु के तूतुक्कुडि जिले के श्रीवैकुंटम में लगभग 800 रेल यात्री फंस गए। मंदिर नगरी तिरुचेंदूर से चेन्नई जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के यात्री श्रीवैकुंटम में लगभग 20 घंटे फंसे हुए हैं, जो बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र है। एक अधिकारी ने कहा कि फंसे यात्रियों को निकालने के लिए सभी प्रयास जारी हैं और एनडीआरएफ अधिकारियों को भी सतर्क कर दिया गया है। तिरुचेंदूर-चेन्नई एग्मोर एक्सप्रेस 17 दिसंबर को रात आठ बजकर 25 मिनट पर तिरुचेंदूर से चेन्नई के लिए रवाना हुई।

**84** नौकाएं बचाव और राहत अभियान के लिए तैनात

**7,500** लोगों को इलाके से सुरक्षित निकाला गया

**62** लाख लोगों को एसएमएस अलर्ट भेजे गए



### सड़कों पर पानी, उफान पर नदियां

*मूसलाधार बारिश से दक्षिण तमिलनाडु के तिरुनेलवेली और थूथुकुडी सहित कई क्षेत्र जलमग्न हैं और यहां स्थित गांव, कस्बे, सड़कें और राजमार्ग में बाढ़ का पानी नदियों की तरह उफना रहा है। बाढ़ का पानी घुसने के कारण तिरुनेलवेली के सीवलापेरी इलाके में अनेक स्थानीय निवासियों ने दो मंजिला घरों की छत पर शरण ली है।*

लोकसभा चुनाव तक मांगी राहत

# सरकारी बंगला खाली करने का नोटिस, कोर्ट पहुंचीं महुआ



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संसद से निलंबन के बाद महुआ मोइत्रा को सरकारी बंगला खाली करने की नोटिस मिल चुकी है। इसको लेकर टीएमसी नेता ने सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया। अपनी याचिका में महुआ ने दलील दी है कि उनकी सांसदी जाने का मामला अभी सुप्रीम कोर्ट के सामने लंबित है। ऐसे में उन्हें तत्काल बंगला खाली करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। सांसद ने आग्रह किया है कि संपदा निदेशालय के आदेश को रद्द कर दिया जाए। या फिर 2024 लोकसभा चुनाव परिणाम आने तक वैकल्पिक रूप से सांसद आवास पर कब्जा बरकरार रहने दिया जाए।

### 8 दिसंबर को हुई थीं निलंबित

गौरतलब है कि महुआ मोइत्रा को अनैतिक आचरण का दोषी पाए जाने पर 8 दिसंबर को लोकसभा से निलंबित कर दिया गया था। उनके ऊपर आरोप था कि उन्होंने कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से कथित तौर पर गिफ्ट लेने और उनके साथ संसद की वेबसाइट के लिए दी गई अपनी यूजर आईडी और पासवर्ड शेयर किया था। इसको लेकर संसद में काफी हंगामा भी हुआ था। लोकसभा से निलंबित होने के बाद उन्होंने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती थी। मामले में तीन जनवरी 2024 को सुनवाई होनी है।

### दी है ऐसी दलील

*महुआ मोइत्रा ने अपनी याचिका में कहा है कि संपदा निदेशालय का आदेश लोकसभा से उनके निष्कासन के बाद जारी हुआ है। इसके मुताबिक आगामी आदेश समय से पहले दिया गया है, क्योंकि याचिकाकर्ता के निष्कासन की वैधता सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित है। मोइत्रा ने कहा कि वह 2019 के आम चुनावों में पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा के लिए चुनी गईं। 2024 में भी पार्टी ने उन्हें इसी क्षेत्र से अपना उम्मीदवार बनाया है।*




# खिलाड़ियों का आउटडोर स्टेडियम बना घास का जंगल, शेड टूटा, ग्रिल चोरी, प्रवेश द्वार पर कचरे का ढेर



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी का आउटडोर स्टेडियम अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ गया है। नियमित मेंटेनेंस कार्य नहीं किए जाने से अब मैदान घास का जंगल बन गया है। आधा स्टेडियम झाड़ियों की गिरफ्त में है। इस वजह से अब खिलाड़ियों ने मैदान आना ही बंद कर दिया है। शहर में ऐसे भी खेलने की जगह कम हो चुकी है। मैदान भी सिमटने लगा है, अब इसमें आउटडोर स्टेडियम भी शामिल हो गया है। स्टेडियम उजाड़ होने के साथ जमीन भी बदहाल हो चुकी है। मैदान पर जंगली घास और पेड़ उग आए हैं। हरिभूमि ने जब इसकी पड़ताल की, तो पता चला मैदान का मेंटेनेंस कार्य की जिम्मेदारी साई, भारतीय खेल प्राधिकरण को है, लेकिन सालभर से साई के जिम्मेदारों ने मेंटेनेंस की ओर ध्यान ही नहीं दिया। यही कारण है कि शहर का आउटडोर स्टेडियम भी अब खिलाड़ियों से दूर हो गया।

- आउटडोर स्टेडियम में नियमित मेंटेनेंस नहीं होने से मैदान हुआ उजाड़, खिलाड़ियों ने बनाई दूरी

## मेंटेनेंस करने स्टाफ की कमी

स्टेडियम की साफ-सफाई और मेंटेनेंस का कार्य साई को करना है, लेकिन इस कार्य के लिए पर्याप्त संख्या में स्टॉफ ही नहीं है। साई के प्रभारी ने मुताबिक एक ही स्टॉफ है, जो मैदान की घास को काटने का काम करता है। इस वजह से पूरे स्टेडियम की सफाई में समय लगता है। साई के पास घास काटने के लिए संसाधन भी नहीं है। नियमानुसार हर महीने मैदान की सफाई होनी है, लेकिन उजाड़ होने के बाद जब खिलाड़ियों ने मैदान छोड़ा साई के जिम्मेदार भी मेंटेनेंस करना भूल गए।

## मैदान की ग्रिल ले गए चोर

मैदान के उजाड़ होने के बाद अब स्टेडियम असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है। स्टेडियम के चारों ओर लगी ग्रिल चोर उखाड़ ले गए हैं। इसकी शिकायत साई और नगर निगम ने पुलिस में दर्ज भी नहीं करवाई है। इसके साथ शेड भी टूट चुका है। आसपास के दुकानदार अब कचरा स्टेडियम के भीतर और प्रवेश द्वार में फेंकने लगे हैं। मैदान के भीतर और बाहर कचरे का ढेर लगा हुआ है।

### स्टाफ कम इसलिए समय लग रहा

मैदान का मेंटेनेंस साई करता है। सफाई का काम शुरू हो गया है। घास को काटा जा रहा है। हमारे पास स्टाफ की कमी है, इसलिए थोड़ा समय लग रहा है।

**- केसरी त्रिपाठी,** प्रभारी, साई

# रेलवे सेवा ने ट्विट कर डीआरएम को दिए पानी जांच के निर्देश

**रायपुर।** हरिभूमि ने सोमवार के अंक में रेलवे के शुद्ध पानी का सिस्टम ट्रेक से उतरा शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी, जिसके बाद भारत रेलवे बोर्ड के रेल सेवा अधिकारियों ने रायपुर डीआरएम को ट्विट कर जांच करने का निर्देश दिया है। रेलवे सेवा ऑफिसियल के ट्विटर अकाउंट से हरिभूमि की खबर पर ट्विट किया। रेलवे सेवा ने भी रेलवे स्टेशन में पानी के टीडीएस की अधिक मात्रा को गंभीरता से लिया है। जानकारी मुताबिक सोमवार को रायपुर मंडल में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक आलोक कुमार ने रेल विकास कार्यों, संरक्षा संबंधी कार्यों और अमृत भारत स्टेशनों में चल रहे विकास कार्यों का सघन निरीक्षण किया।

## राशिफल

**मेष** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों को लेकर सतर्क रहें। व्यवधान आ सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अनाश्यक कार्यों से खर्च की अधिकता बढ़ सकती है।

**मिथुन** — नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान–सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है।

**कर्क** — कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। माता का साथ मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**सिंह** — मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी संयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कार्य की शुरुआत होगी।

**तुला** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। भाग–दौड़ भी अधिक रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। माता का सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूरस्थ स्थान पर जाना हो सकता है।

**धनु** — नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार भी बढ़ेगा। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**मकर** — वाणी में मधुरता तो रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में भाग–दौड़ अधिक रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में अभी निवेश करने से बचें। आय की स्थिति में सुधार आएगा, लेकिन खर्च भी बढ़ेंगे।

**मीन** — पठन–पाठन में रुचि बढ़ेगी। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

*पुलिस का कहना है नियमानुसार लोगों को आयोजन करने अनुमति मिलेगी*

# नए साल को लेकर पुलिस अभी से अलर्ट, कार्यक्रम आयोजित करने अब तक किसी ने नहीं मांगी अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

क्रिसमस तथा नए वर्ष को लेकर होटल, क्लब संचालित करने वाले संचालकों ने अब तक पुलिस से कार्यक्रम आयोजित करने अनुमति का पत्र नहीं लिखा है। बावजूद इसके पुलिस नए साल में जश्न की आड़ में हुड़दंग रोकने अभी से तैयारी में जुट गई है। आउटर के थाना क्षेत्र मंदिरहसौद, राखी, अभनपुर, धरसीवां तथा शहरी क्षेत्र के तेलीबांधा राजेंद्र नगर, विधानसभा सहित अन्य थानों की पुलिस से एसएसपी कार्यालय ने उन होटल तथा क्लबों की जानकारी मांगी है, जहां नए साल को लेकर पार्टी आयोजित की जाती है।

एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक नए साल में कार्यक्रम आयोजित करने नियमानुसार अनुमति दी जाएगी। इसके साथ ही हुड़दंग करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अफसर के अनुसार शहर के एंट्री पाइंट में ट्रैफिक तथा पुलिस जवानों द्वारा वाहन चालकों की जांच की जाएगी। ड्रंक एंड ड्राइव कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नए साल में कितने बल तैनाए किए जाएंगे, इस पर अभी अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। इस पर 25 दिसंबर के बाद निर्णय लिया जाएगा।

- नागरिक संघर्ष समिति ने मुख्य सचिव को देर रात ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाने पर रोक लगाने लिखा पत्र



### प्रशासन के रुख के आधार पर आवेदन

एक होटल कारोबारी मैनेजर ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि पूर्व में नियमों में छूट होने की वजह से होटल, बार तथा क्लब के संचालक नए साल की तैयारी एक माह पूर्व से करते थे। साथ ही कार्यक्रम आयोजित करने पहले से अनुमति के लिए आवेदन लगाते थे। वर्तमान में प्रशासन की सख्ती को देखते हुए नए साल में कार्यक्रम आयोजित करने होटल, रेस्टोरेंट तथा क्लब संचालक प्रशासन के रुख के आधार पर पार्टी आयोजित करने का निर्णय लेंगे।

## नागरिक संघर्ष समिति ने सचिव को पत्र लिखा

नए साल में होने वाले आयोजनों को लेकर नागरिक संघर्ष समिति ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर मांग की है कि पिछले वर्ष 30 दिसंबर को पूरे प्रदेश के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग करने आनन-फानन में अनुमति दी गई थी। इस वर्ष वैसी अनुमति न दी जाए। समिति ने तर्क दिया है कि देर रात ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाए जाने से असहनीय ध्वनि प्रदूषण होता है। नागरिक संघर्ष समिति ने मुख्य सचिव को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि पिछले वर्ष देर रात तक कार्यक्रम आयोजित होने से ध्वनि प्रदूषण फैलने के साथ लॉ एंड आर्डर की स्थिति भी बिगड़ी थी।

## साल का अंतिम दिन कोई धार्मिक, सांस्कृतिक उत्सव नहीं

समिति ने मुख्य सचिव को लिखा है कि ध्वनि (विनियमन और नियंत्रण) नियमों के तहत इस प्रकार की अनुमति सिर्फ सांस्कृतिक कार्यक्रम, धार्मिक या किसी उत्सव के लिए दी जा सकती है। नियमों के अनुसार छूट के दिनों की संख्या और विवरण राज्य सरकार को अग्रिम रूप से अधिसूचित करना है। सामान्यतः इस प्रकार की छूट नव वर्ष चालू होते ही या चालू होने के पूर्व अधिसूचित की जानी चाहिए ना कि अचानक एक दिन पूर्व। समिति ने कहा है कि भारतीय परंपराओं के तहत 31 दिसंबर ना तो कोई धार्मिक, सांस्कृतिक और ना ही किसी उत्सव की श्रेणी में आता है।

## सप्ताहभर पीछा नहीं छोड़ रही समस्या, एक मरीज को दो खुराक की जरूरत

# पारा गिरते ही सर्दी-खांसी का प्रकोप, दवा बाजार में तीन गुना तक बढ़ गई कफ सिरप की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पारा गिरने और ठंड बढ़ने के बाद सर्दी-खांसी का प्रकोप बढ़ गया है। अस्पतालों में इस तरह की समस्या से पीड़ित मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं, वहीं दवा बाजार में इससे छुटकारा दिलाने वाले कफ सिरप की मांग बढ़ गई है। सर्दी-खांसी की समस्या सप्ताहभर तक पीछा नहीं छोड़ रही है, इसकी वजह से एक मरीज को दो खुराक की आवश्यकता पड़ रही है। सामान्य दिनों में पंद्रह दिनों में 15-20 हजार कफ सिरप की खपत होती है। दिसंबर के बीते पंद्रह दिनों में 50 हजार से 60 हजार कफ सिरप की डिमांड आ चुकी है।

- पखवाड़ेभर में औसतन साठ हजार कफ सिरप की बोतलें बिकने का अनुमान

ठंड के मौसम में सर्दी-खांसी की समस्या आम होती है, कई बार यह परेशानी ज्यादा समय तक लोगों को घेरे रहती है। पिछले कुछ दिनों से राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, जिसका विपरीत असर मानव स्वास्थ्य पर होने की वजह से लोग बीमार पड़ रहे हैं। निजी तथा सरकारी अस्पतालों में मौसमी बीमारी से पीड़ितों की संख्या बढ़ने लगी है। खासकर लोगों को सर्दी-खांसी की समस्या हो रही है, जिससे छुटकारा पाने के लिए चिकित्सक दवा की पर्ची में कफ सिरप के साथ एंटीबायोटिक दवा भी लिख रहे हैं। चिकित्सकों के मुताबिक वर्तमान में कफ वाली खांसी ठीक होने में पांच से सात दिन का वक्त ले रही है, जिसकी वजह से मरीजों को दो बार अस्पताल तक आना पड़ रहा है और उन्हें दवा की दो बार खुराक की आवश्यकता पड़ रही है। सर्दी-खांसी बढ़ने का सीधा असर दवा बाजार में कफ सिरप की खपत पर हुई है। दवा बाजार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक ठंड के मौसम को हेल्दी सीजन माना जाता है, इस दौरान दवा बाजार केवल सर्दी-खांसी से संबंधित दवाओं की डिमांड की काफी अधिक होती है। कफ सिरप की आवश्यकता दिसंबर और जनवरी माह में ही अधिक होती है।



### दिन में दो खुराक की जरूरत

गुरुकुल कांप्लेक्स स्थित कालीबाड़ी मेडिकल स्टोर्स के संचालक मनीष सोनी ने बताया कि कफ सिरप के साथ एंटीबायोटिक दवाओं की डिमांड काफी अधिक है। दवा लेने आने वाले हर पांचवे ग्राहक की पर्ची में सर्दी से संबंधित दवा और एंटीबायोटिक का जिक्र होता है। सर्दी-खांसी की समस्या इस बार देर से खत्म हो रही है, जिसकी वजह से मरीज को दवा की दूसरी खुराक की आवश्यकता पड़ रही है।

### बच्चों ही ज्यादा पीड़ित

बड़ों की तुलना में बच्चों की इम्युनिटी कम होती है, जिसकी वजह से वे जल्दी सर्दी-खांसी से पीड़ित हो जाते हैं। शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. निलय मोझरकर ने बताया कि जिला अस्पताल में प्रतिदिन सर्दी-खांसी से पीड़ित बच्चों को लेकर उनके अभिभावक पहुंच रहे हैं। इनकी सर्दी-खांसी ठीक होने में पांच से सात दिन का वक्त लग रहा है। आंबेडकर अस्पताल के मेडिसिन विभाग में भी सर्दी-खांसी से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ रही है।

### सिरप की मांग बढ़ रही

सर्दी के मौसम में कफ सिरप की डिमांड बढ़ जाती है। पिछले कुछ समय से तापमान में गिरावट आने की वजह से ठंड बढ़ी है, इस कारण इससे संबंधित दवाओं की मांग तीन गुना तक अधिक हो चुकी है।

**-लोकेश साहू,** सचिव, जिला दवा विक्रेता संघ

# पिछले साल से उत्पादन कम, रेट में और गिरावट आना मुश्किल, इसलिए नहीं आएगी फेंकने की नौबत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में टमाटर के फसलों के बाजार में पहुंचने के बाद इसके दाम में भारी गिरावट आई है। एक महीने पहले इसके भाव थोक में 25-28 रुपए तो चिल्हर में 50-60 रुपए किलो थे, लेकिन पिछले दो सप्ताह से लोकल फसलों की आवक बढ़ते ही थोक मंडियों से चिल्हर बाजार में टमाटर के भाव में भारी गिरावट आई है। थोक में 4-5 रुपए तो चिल्हर में 10-15 रुपए किलो की दर से टमाटर बिक रहे हैं। हालांकि आने वाले दिनों में टमाटर के भाव में और गिरावट आने की संभावना बहुत कम है, जिससे किसानों को टमाटर फेंकने की नौबत आने की संभावना भी कम नजर आ रही है। गत वर्षों में देखा गया था कि बंपर उत्पादन होने से टमाटर के भाव में इस कदर गिरावट आई थी कि किसानों का उत्पादन का खर्च निकलना तो दूर, तोड़ाई और खेत से मंडी तक ले जाने भाड़ा का खर्च तक निकल नहीं पाया था।

### दो किस्त में उत्पादन

इस बार कई बड़े किसान टमाटर का उत्पादन दो किस्तों में कर रहे हैं। पहली किस्त की फसल खेतों से मंडियों में पहुंच चुकी है, वहीं दूसरे किस्त में टमाटर का उत्पादन किया जा रहा है। इन फसलों को पकने में लगभग एक-डेढ़ महीने का समय और लगेगा। इसके बाद दूसरी किस्त की फसलें भी जनवरी के खत्म होने तक मंडियों में पहुंचना शुरू हो जाएंगी। कुम्हारी क्षेत्र के किसान अभिनेष त्रिपाठी ने बताया कि हर साल वह 14 एकड़ में टमाटर की फसल लगाता था, लेकिन इस बार दो किस्त में पहले 10 एकड़ में और शेष 4 एकड़ में नवंबर के आखिरी में फसल लगवाई है। दो किस्त में फसल लगाने से उसे नुकसान का भय नहीं है। उसने बताया कि मौसम में आई खराबी से टमाटर की फसल को थोड़ा नुकसान जरूर पहुंचा है, लेकिन इसके बावजूद वह मुनाफे में है। दूसरी फसल भी मुनाफा ही देगी।

### किसानों ने दिखाई समझदारी, 20 से 30 प्रतिशत घटाया उत्पादन

गत वर्षों में टमाटर के बंपर उत्पादन के कारण होने वाले नुकसान से सीख लेते हुए किसानों ने इस बार समझदारी से टमाटर की खेती की है। प्रदेश में ज्यादातर किसानों ने टमाटर का उत्पादन 20-30 प्रतिशत घटाया है। उत्पादन घटाने के बावजूद प्रदेश में टमाटर की अच्छी फसल हुई है, जिससे मंडियों में टमाटर की आवक बढ़ने से इसके दाम में गिरावट तो आई है, लेकिन इससे किसानों को नुकसान नहीं हो रहा है।

# तेलीबांधा तालाब रिक्रियेशन जोन से ननि को हर साल 37 लाख की आवक, 3 साल में 1 करोड़ 11 लाख कमाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम के लिए राजधानी का तेलीबांधा तालाब कमाऊ पूत साबित हो रहा है। निगम को एक साल में इससे 37 लाख की कमाई हो रही है। 3 साल में ठेका एजेंसी ने 1 करोड़ 11 लाख रुपए का भुगतान नगर निगम को किया है। उसमें कोरोनाकाल का पीरियड भी शामिल है। कमाई का यह सिलसिला आने वाले 12 साल तक चलता रहेगा। इसमें नगर निगम को फूटी कौड़ी खर्च करने की जरूरत नहीं है। उसने अहमदाबाद की ईसीएचटी कंपनी को तेलीबांधा तालाब क्षेत्र में रिक्रियेशन जोन विकसित करने पीपीपी मोड पर 15 साल के लिए ठेका दे रखा है।

- 8 एकड़ में फैला है राजधानी का तेलीबांधा तालाब

राजधानी में 8 एकड़ क्षेत्र में फैले तेलीबांधा तालाब की देखरेख और उसके मेंटनेंस में अब नगर निगम को दिक्कत नहीं हो रही है। पीपीपी मोड पर अहमदाबाद की कंपनी ने तेलीबांधा तालाब क्षेत्र में रिक्रियेशन जोन विकसित करने 15 साल के लिए नगर निगम के साथ एमओयू किया है। इसके तहत अनुबंधित कंपनी ने 4 अलग-अलग जोन तैयार कर चिल्ड्रन पार्क, योग जोन, फ्रीडम फाइटर वॉल, फूड जोन अलग से बनाया है। साथ ही मार्निंग व इवनिंग वॉक करने वालों के लिए पाथवे बनाने के साथ ही आकर्षक लाइटें लगाई गईं। आगंतुकों के लिए तालाब किनारे सेल्फी जोन बनाया गया है। अनुबंधित एजेंसी द्वारा विकसित फूड जोन में 2 दर्जन अस्थायी दुकानें बनाकर लोगों के खानपान की सुविधा उपलब्ध कराने ब्रांडेड कंपनियों को किराये पर दुकानें दी गई हैं। इसके अलावा रिक्रियेशन जोन में एमपी थियेटर बनाया गया है, जहां लोग फैमिली फंक्शन, बर्थडे सेलिब्रेशन, पार्टी मीटिंग सहित अन्य तरह की गतिविधियों के लिए वातानुकूलित हॉल बुक कर सकेंगे। लंच और डिनर का आर्डर देने के साथ ही मनपसंद मूवी देखने की सुविधा उन्हें निर्धारित शुल्क दिए जाने पर मिलेगी। रिक्रियेशन जोन में सुरक्षा के लिहाज से अनुबंधित कंपनी ने एंट्री पाइंट से लेकर 4 जोनों में 40 सीसीटीवी कैमरे स्थल के गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए लगाए। ये कैमरे क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए कम पड़ने लगे हैं।

# केरल में कोविड, इंफ्लूएंजा और सांस संबंधी शिकायतों की निगरानी करने केंद्र की एडवाइजरी

**रायपुर।** केरल सहित कुछ अन्य राज्यों में कोविड के मामले सामने आने के बाद इंफ्लूएंजा तथा सांस संबंधी शिकायतों पर विशेष निगरानी के लिए केंद्र सरकार की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। इस तरह के मामलों की नियमित रिपोर्टिंग के साथ सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा के विशेष उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ समेत सभी राज्यों को दी गई सलाह में इस बात का जिक्र किया गया है कि कोविड के मामलों में लगातार गिरावट के बाद मई में इसकी वजह से घोषित महामारी की स्थिति को वापस ले लिया गया था और राज्य सरकारों के सहयोग से यह स्थिति बनी हुई है। सामान्य रोगों की तरह कोविड के वायरस का भारतीय परिस्थिति में रहना तय हो चुका है। इसीलिए इस संक्रमण की स्थिति पर निरंतर निगरानी की आवश्यकता है। केरल सहित कुछ राज्यों में केस मिलने के बाद अन्य राज्यों को आने वाले दिनों में सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा के उपाय करने की आवश्यकता है। इसके साथ केंद्र सरकार द्वारा जारी की जाने वाली गाइडलाइन का पालन करने की जरूरत है। राज्यों को निर्देशित किया गया है कि स्वास्थ्य सुविधा के आधार पर नियमित रूप से जिलेवार इंफ्लूएंजा (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन (एसएआरआई) के मामलों की नियमित रिपोर्टिंग की जाए।

# कांग्रेस ने की क्राउड फंडिंग अभियान 'डोनेट फॉर देश' की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कांग्रेस पार्टी ने चंदा जुटाने के लिए क्राउड फंडिंग अभियान की शुरुआत की है। कांग्रेस ने इस अभियान का नाम 'डोनेट फॉर देश' रखा है। सोमवार से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा दिल्ली से इसकी शुरुआत की गई।


- कांग्रेस की स्थापना के 138वें वर्ष में न्यूनतम 138 रुपए क्राउड फंडिंग

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस पार्टी के 138 वर्ष पूरे होने पर पार्टी देशवासियों से 138 रुपये के गुणक जैसे, 138 रुपये, 1,380 रुपये, 13,800 रुपये या अधिक दान करने के लिए अनुरोध करती है, ताकि कांग्रेस पार्टी एक बेहतर भारत के लिए काम कर सके। कांग्रेस ने इस ऑनलाइन क्राउड फंडिंग के लिए दो चैनल बनाए हैं। इनमें एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल और आधिकारिक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वेबसाइट शामिल हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, यह पहल 1920-21 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ऐतिहासिक तिलक स्वराज फंड से प्रेरित है। अभियान का उद्देश्य समान संसाधन वितरण और अवसरों से समृद्ध भारत बनाने में हमारी पार्टी को सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा, यह अभियान मुख्य रूप से कांग्रेस के स्थापना दिवस 28 दिसंबर तक ऑनलाइन होगा। इसके बाद जमीनी अभियान शुरू किया जाएगा। इसके तहत पार्टी से जुड़े स्वयंसेवी घर-घर जाएंगे और प्रत्येक बूथ में कम से कम 10 घरों को लक्षित करके हर घर से कम से कम 138 रुपये का अंशदान सुनिश्चित करेंगे।

### पदाधिकारी देंगे 1380 रुपए का योगदान

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री बैज ने कहा, पार्टी के राज्य स्तर के पदाधिकारियों, निर्वाचित प्रतिनिधियों, जिला अध्यक्षों, प्रदेश अध्यक्षों और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पदाधिकारियों को कम से कम 1,380 रुपये का योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। जो लोग आर्थिक सहयोग करना चाहते हैं, उन्हें भारतीय नागरिक होना चाहिए और उनकी आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। दानदाताओं को दान प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा।

## शब्द पहेली - 5368



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल (उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

**शब्द पहेली - 5367 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ज | हा | ल | त | ■ | ■ | नि | ड | र | ■ |
| क | प | ■ | क्ष्य | ■ | आ | स | रा | ■ | मा | मा |
| ल | ■ | ■ | ही | र | क | ■ | ला | ■ | ■ | हि |
| प | रा | धी | न | ता | ■ | द | ■ | अ | सु | र |
| ना | ■ | र | ■ | लू | ट | मा | र | ■ | रै | ■ |
| ■ | सा | ज | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | सा | या | ■ |
| ■ | ब | ■ | फि | त | र | त | ■ | ह | ■ | मा |
| का | न | न | ■ | ल | ■ | न | क | ब | ज | न |
| फि | ■ | ■ | ब | ■ | शा | य | र | ■ | ■ | हा |
| र | बा | ■ | च | म | न | ■ | त | ■ | श | नि |
| ■ | द | म | न | ■ | ■ | से | ब | बा | र | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5378

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5377 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

आदिवासी समाज के नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान समारोह एवं आमसभा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# आदिवासी समाज का सर्वांगीण विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता: साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आदिवासी विधायकों के सम्मान समारोह में कहा, आदिवासी समाज का सर्वांगीण विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत गजमाला एवं पगड़ी पहनाकर पारंपरिक आदिवासी स्वागत गीत से किया गया।



अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ द्वारा आयोजित आदिवासी समाज के नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान समारोह में श्री साय ने कहा, आज 18 दिसंबर का दिन है। आप सभी को बाबा गुरु घासीदास जयंती की हार्दिक बधाई। परमपूज्य बाबा गुरु घासीदास जी ने समाज को मनखे मनखे एक समान का संदेश देकर हम सभी को नया रास्ता दिखाया। आज हमारे समाज के लिए सौभाग्य की बात है कि जिस छत्तीसगढ़ में करीब 32 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति की आबादी है और जहां सबकी अपेक्षा थी कि आदिवासी मुख्यमंत्री बने, हमारे आदिवासी समाज की इस उम्मीद को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरा किया है। श्री साय ने कहा, आज हमारे प्रधानमंत्री के कारण पूरी दुनिया में हमारे देश का डंका बज रहा है। आज देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति के पद पर हमारे आदिवासी समाज की द्रोपदी मुर्मू विराजमान हैं। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हमारे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया, ताकि यहां के अनुसूचित जनजाति के लोगों का समुचित सामाजिक एवं आर्थिक विकास हो सके। अनुसूचित जनजाति का सर्वांगीण विकास हो सके, इसलिए उन्होंने भारत सरकार में पहली बार आदिम जाति कल्याण विभाग का गठन भी किया। अनुसूचित जनजाति समुदाय की सबसे ज्यादा चिंता हमारी सरकार करती है।

### मोदी की गारंटी पूरी होगी

श्री साय ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास का संकल्प लेकर मोदी की गारंटी में छत्तीसगढ़ की जनता से जो भी वादा हमने किया है, उसे पूरा करने की जवाबदारी हमारी है। हमारी सरकार ने ही महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष माताओं-बहनों को 12 हजार रुपए और किसानों के हित में 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी की। ये घोषणा सहित प्रत्येक वर्ग के हित में घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा, हमने वादा किया था कि गरीबों को आवास मुहैया कराएंगे, हमने इसे पूरा किया। हमने 13 दिसंबर को शपथ ग्रहण किया और 14 दिसंबर को सबसे पहली कैबिनेट में 18 लाख हितग्राहियों को आवास देने का निर्णय लिया।

### कवासी लखमा भी हुए शामिल

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, विधायक केदार कश्यप, विधायक और कांग्रेस सरकार के पूर्व मंत्री कवासी लखमा सहित आदिवासी समुदाय के अन्य विधायक एवं अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ के प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव सहित आदिवासी समुदाय के नागरिक उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ में नए सत्र के लिए नई सरकार ही तय करेगी बिजली की कीमत में इजाफा होगा या नहीं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर से भाजपा की सरकार काबिज हो गई है। राज्य पॉवर वितरण कंपनी नए सत्र 2024-25 के लिए बिजली नियामक आयोग को लेखा-जोखा भेजने की कवायद में जुट गई है। सब मिलाकर पुराना घाटा छह हजार करोड़ के ज्यादा का है। पिछली याचिका के समय का ही घाटा तीन हजार करोड़ है। इसके पहले का भी घाटा अभी बचा हुआ है। ऐसे में पॉवर कंपनी की मंशा केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के नियमों के मुताबिक बिजली की कीमत बढ़ाने की है, लेकिन अगले साल लोकसभा के चुनाव के कारण नई सरकार तय करेगी क्या करना है। संभावना इस बात की है कि कम से कम अगले साल बिजली की कीमत में इजाफा नहीं होगा। हमेशा से विधानसभा और लोकसभा के चुनावी साल में बिजली की कीमत नहीं बढ़ी है।बिजली नियामक आयोग को राज्य पॉवर वितरण कंपनी अपनी तरफ से साल भर का लेखा-जोखा बनाकर दिसंबर में भेजती है। नए सत्र के लिए लेखा-जोखा तैयार किया जा रहा है।

इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड
नवरत्न कम्पनी
(भारत सरकार का उपक्रम)
वेबसाईट : www.ircon.org, CIN - L45203DL1976GOI008171

ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा सं. : इरकॉन/2059/सीजीआरपी/ई–निविदा/23–24/केएचएस–घरम/बीएसपी–64 दिनांक : 19.12.2023

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कम्पनी लिमिटेड (सीएसपीजीसीएल) की ओर से पात्रता आवश्यकताएँ पूर्ण करने वाले निविदादाताओं से "मीलूपारा, रायगढ़ के निकट सीएसपीजीसीएल की निजी रेलवे साइडिंग की स्थापना हेतु रेलवे फॉरमेशन के लिए मिट्टी कार्य एवं ब्लैंकेटिंग सहित, पुलों, सर्विस बिल्डिंगों, ट्रैक लिंकिंग कार्यों (स्लीपरों, बैलास्ट, रेलों की आपूर्ति के साथ) का सिविल कार्य तथा सामान्य विद्युतीकरण कार्य" के कार्य हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य की अनुमानित लागत | रु. 77,93,13,902.67 |
| बोली जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 09.01.2024 को 15.00 बजे तक (आईएसटी) |

अधिक जानकारी हेतु, वेबसाइट https://etenders.gov.in/eprocure/app देखें। शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर होस्ट किया जाएगा। परियोजना निदेशक/सीजीआरपी, इरकॉन, प्रथम तल, नॉर्थ एवेन्यू, तखतपुर रोड, उसलापुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़–495001

## कांग्रेस में इस्तीफों का दौर जारी, चुन्नीलाल ने प्रदेश उपाध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस में करारी हार के बाद से इस्तीफों का दौर पार्टी में शुरू हो गया है। पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू ने पीसीसी चीफ दीपक बैज को अपना इस्तीफा भेज दिया है। अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक श्री साहू ने पीसीसी चीफ दीपक बैज को प्रदेश उपाध्यक्ष और उनसे जुड़े समस्त प्रभार से त्यागपत्र भेजा है।




**प्रदेश में कांग्रेस सरकार नहीं बनने को बताई वजह**

प्रदेश में कांग्रेस की सरकार नहीं बनने को वजह बताई है। मिली जानकारी अनुसार, अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू ने बताया कि विगत चार सालों से कांग्रेस पार्टी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पद की जिमेदारी सौंपी गई थी। इसमें पूरी लगन से पार्टी के कामों को किया। वहीं विधानसभा चुनाव के लिए बिलासपुर ग्रामीण, जांजगीर चांपा, रायगढ़ लोकसभा का प्रभारी बनाया गया था। इसमें रायगढ़ के चार विधानसभा सीटों में तीन सीट कांग्रेस ने जीती और जांजगीर चांपा में तीन सीटों पर जीत और बिलासपुर में मस्तूरी, कोटा में कांग्रेस की जीत तय की, मगर प्रदेश में कांग्रेस को बुरी तरह से हार मिली है। राज्य में फिर से सरकार नहीं बना पाए। इसी को वजह बताते हुए प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष पद से अपना त्यागपत्र पीसीसी चीफ दीपक बैज को भेजा है।

## 21 क्विंटल धान खरीदी का आदेश जल्द अब तक पुराने आदेश पर हो रहा है अमल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की ही खरीदी की जा रही है। यह व्यवस्था पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के आदेश पर बनी थी, लेकिन भाजपा नेतृत्व की नई सरकार बनने के बाद भी पुराने आदेश पर अमल किया जा रहा है। इस मामले को लेकर किसानों में बेचैनी है। दूसरी ओर खाद्य विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें, तो अगले दो तीन दिनों में 21 क्विंटल धान खरीदी का आदेश जारी होने की संभावना है।

- अब तक पौने 8 लाख किसान बेच चुके हैं धान

### विधानसभा सत्र के दौरान घोषणा

छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के पहले भाजपा ने अपने चुनावी घोषणापत्र में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी करने का वादा किया था। नई सरकार के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लगातार कह रहे हैं कि सरकार अपने वादे पर कायम है, लेकिन दूसरी ओर राज्य के किसानों को इस बात का बेसब्री से इंतजार है कि कब 21 क्विंटल खरीदी का आदेश जारी होगा। जानकार सूत्रों का अनुमान है कि अगले तीन दिनों में विधानसभा सत्र के दौरान धान के संबंध में घोषणा की जा सकती है।

**आदेश के इंतजार में किसान हो रहे हैं बेचैन**

### पौने 8 लाख किसान बेच चुके हैं धान

राज्य में 1 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी के बाद अब तक प्रदेश के सभी जिलों में कुल मिलाकर 7 लाख 89 हजार, 34 किसान धान बेच चुके हैं। सोसाइटियों में अब तक 36 लाख 30 हजार 907 मीट्रिक टन धान आ चुका है। प्रदेश में इस सीजन में धान बेचने के लिए 26 लाख किसानों का पंजीयन किया गया है। प्रदेश के मैदानी इलाकों के जिलों में किसान तेजी से अपना धान बेच रहे हैं, जबकि सरगुजा और बस्तर संभाग के जिलों में धान की आवक अपेक्षाकृत कम है। पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार ने 130 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया था। खरीदी का यह अनुमान 20 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से था। 21 क्विंटल खरीदी होने पर खरीदी 130 लाख मीट्रिक टन से अधिक हो सकती है।

### धान बेच चुके किसान क्या करेंगे

राज्य में धान खरीदी के मामले को लेकर किसानों में इस बात की बेचैनी है कि कब 21 क्विंटल धान खरीदी का आदेश होगा। वजह ये है कि जिन किसानों का धान बेचने के लिए तैयार हो गया है वे धान बेचने के लिए सोसाइटी में जा रहे हैं। उनका धान पुरानी सरकार के आदेश के तहत 20 क्विंटल खरीदा जा रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि ऐसे किसानों का क्या होगा? इस संबंध में खाद्य विभाग के अधिकारियों के कहना है कि जिन किसानों के पास धान बचा होगा, वे बचा धान 21 क्विंटल के हिसाब से बेच सकेंगे। जिनके पास धान नहीं होगा, उनका कुछ नहीं हो सकता।




आयुर्वेद से आयुष्यमान
रतन्स आयुर्वेदिक समाधान

*प्र. मेरी उम्र ४० वर्ष है। मुझे टॉयलेट के समय मल के साथ ख़ून जाता है। कमज़ोरी महसूस होती है। उपचार सुझाएं। –विनय, रीवा*

उ. आपको पाईल्स की समस्या हो सकती है। मिर्च-मसालेदार खाना बंद करें, रेशेदार पदार्थ लें। साथ ही समस्या के लिए रतन आयुर्वेदिक के 'पाईल्सील' कैप्सूल २-२ दिन में दो बार सेवन कर सकते हैं।

*प्र. मेरे बेटे का शारीरिक विकास औसत ही है। कृपया कोई उपाय बताएं। –सुजाता, बिलासपुर.*

उ. शरीर का विकास वंशानुक्रम पर भी निर्भर करता है। चाहें तो पाचन क्रिया ठीक कर ग्रंथियों को सक्रिय करने हेतु उन्हें रतन्स 'हाईटॉप' सिरप सुबह-शाम दे सकते हैं। साथ ही ताड़ासन व व्यायाम करवाएं।

*प्र. मैं शरीर के आकर्षक नहीं होने से परेशान रहती हूं, उचित उपाय बताएं। –एक पाठिका, नरसिंहपुर*

उ. समस्या के लिए आप रतन्स 'सुडोल' बॉडी टोनर कैप्सूल एवं 'सुडोल' बॉडी टोनर जैल का तीन माह का कोर्स कर सकते हैं।

*प्र. मेरा पुत्र बिस्तर पर जाने से पहले वॉशरूम जाकर आता है, फिर भी नींद में बिस्तर गीला हो जाता है। –आर. सिंह, भोपाल.*

उ. समस्या के निदान हेतु रतन का आयुर्वेदिक तत्वों से युक्त 'बेडवेट' सिरप २-२ चम्मच रोज़ सुबह-शाम नियमित दे सकते हैं। साथ ही उनका आत्मविश्वास बढ़ाएं।

*प्र. मेरी आयु ३७ वर्ष है। मैं शरीर को फिट रखना चाहता हूं, पर मुझे शरीर में फूलापन महसूस होता है, क्या करूं? –रोहित, जबलपुर.*

उ. आप रतन्स 'ओबेरिड' कैप्सूल २-२ सुबह-शाम तीन माह तक नियमित रूप से सेवन कर सकते हैं। फास्ट फूड से दूर रहें, योगा करें एवं पानी अधिक मात्रा में पीएं।

नोट : उपरोक्त सलाह रोगियों के लक्षणों को ध्यान में रखकर दी गई है. दवाओं का प्रयोग वैद्यकीय मार्गदर्शन में करें.






हरिभूमि सहेली
मंगलवार 19 दिसंबर 2023

क्रिसमस स्पेशल



आज समाज में प्रेम-करुणा के भाव लुप्त हो रहे हैं। बंधुत्व घटता जा रहा है। ऐसे में हमारे आस-पास रीतापन आएगा ही। खुशियां खो जाएंगी, हम उदासी से घिर जाएंगे। लोग अपने को अकेला, निस्सहाय समझेंगे। ऐसे में प्रभु यीशु के जन्मदिन के रूप में मनाया जाने वाला क्रिसमस का पर्व ना सिर्फ हमें नई आशाओं और उमंगों से भरता है, उनके प्रेम-सद्भाव के संदेश हमें मानवता की राह पर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं।

# क्रिसमस
## प्रेम-सद्भाव के जुड़ाव का पर्व

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

खुशी और आपसी स्नेह से भरे क्रिसमस के त्योहार का इंतजार सभी को रहता है। विदा होते साल में अपनों के साथ स्नेह-प्रेम और प्रकाश के साथ मनाया जाने वाला यह पर्व पूरे समाज को इंसानी भाव और जुड़ाव से जगमग करने का संदेश साथ लेकर आता है। अपनों का साथ इस सेलिब्रेशन को और अहम बना देता है। बंधुत्व और प्रेम-सद्भाव की भावनाओं को पोषित करने वाले प्रभु यीशु को समर्पित प्रार्थना के स्वर हर ओर गूंजते हैं।



### संवेदनाओं की सीख

पारिवारिक जीवन हो, हमारा परिवेश या सार्वजनिक स्थलों पर हमारी साझी मौजूदगी हो या फिर काम-काजी दुनिया, करुणा और संवेदना के भाव आज कहीं गुम हो गए हैं। सूखते इमोशंस और रूखा बर्ताव, जिंदगी की कड़वी हकीकत बन गया है। ऐसे में दया-करुणा और प्रेम की सकारात्मकता के लिए प्रभु यीशु के संदेश, संवेदनाओं को पोसते हैं। करुणा और दया के भाव इंसान को सेवाभावी बनाकर दूसरों की पीड़ा समझने की संवेदनाएं जगाते हैं। भविष्य के प्रति सकारात्मकता और वर्तमान को लेकर आभार का भाव मन में भरते हैं। प्रभु यीशु ने कहा है, 'भला उस आदमी का क्या लाभ, यदि वह पूरी दुनिया पा जाए और अपनी आत्मा को खो दे।' आज हर ओर सब कुछ पा लेने की भागम-भाग में संवेदनाएं खत्म हो गई हैं। ना तो एक दूजे का दुःख महसूस किया जाता है, ना ही किसी के टूटने-बिखरने की मनःस्थिति समझी जाती है। ऐसे में क्रिसमस के उत्सवीय रंग एक-दूसरे को समझने, शांति और प्रेम के साथ रहने के विचार को बल देते हैं। यीशु ने भी यही कहा, 'ईश्वर अपने सभी बच्चों से बेहद प्यार करता है। हमें सभी के साथ प्रेम-सम्मान का रिश्ता बनाना चाहिए।' घर के आंगन से लेकर गिरिजाघरों की जगमगाती सजावट के बीच क्रिसमस का उत्सव, प्रेम-सम्मान की ऐसी ही सकारात्मक उमंगों का संचार करता है।

### आशाओं में विश्वास

केक, केरोल्स और कैंडीज के साथ मनाया जाने वाला यह उत्सव, उम्मीदों को भी आधार देता है। बहुत से देशों में क्रिसमस के आस-पास छुट्टियां शुरू हो जाती हैं। छुट्टियों के इन दिनों में बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी सेलिब्रेशन के मूड में आ जाते हैं। इससे हंसी-खुशी के परिवेश में साथ रहते हुए, दूसरों की मदद करने और भाईचारे को बनाए रखने की सीख मिलती है। परोपकार की सीख देने वाला यह पर्व आशाओं को मन में जगह देने और पूरा होने के निश्छल विश्वास की भी सीख देता है। सैंटा के आने और उपहार दे जाने में बच्चे ही नहीं, बड़े भी एक विश्वास का भाव महसूस करते हैं। देवदूत के काल्पनिक अवतार के रूप में उपहार लेकर सैंटा क्लॉज का आना, फेस्टिव उमंगों का सबसे सुंदर हिस्सा है।

सवालों से परे भरोसे को पोसता यह मानवीय आस्था का बहुत ही प्यारा भाव है, जो असल जिंदगी में भी बेहतरी की उम्मीदों को बल देता है। स्वयं को हर हाल में थाम लेने की शक्ति देता है। स्वयं अपने जीवन और समाज में सुख, शांति और समृद्धि के लिए विश्वास का यह भाव बेहद आवश्यक है। यीशु का यह सुंदर संदेश सदैव स्मरणीय है, 'जीवन को बहुमूल्य समझो और स्वयं पर विश्वास करो।'



### यूनिवर्सल सेलिब्रेशन

**क्रिसमस का** त्योहार एकता, खुशी और आशा के यूनिवर्सल मनोभाव पैदा करता है। मान्यता है कि इस दिन मदर मैरी के घर ईसा मसीह का जन्म हुआ था। प्रभु यीशु ने कम आयु में ही मानवता, आपसी मेल-मिलाप और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए समग्र संसार को प्रेरणा दी। मानवीय मूल्यों को बचाने वाले ईसा मसीह के संदेशों में दयालुता, क्षमा, दूसरों का भला करने की सोच और सभी का सम्मान करने का भाव शामिल है। आज जब पूरी दुनिया में अस्थिरता छाई है, उनकी बातों का अनुसरण शांति और सद्भाव की राह सुझाने वाला है। एक-दूजे से उलझते पड़ोसी देश हों या समाज में फैलती नकारात्मकता, प्रभु यीशु का यह विचार, ' जैसा व्यवहार तुम लोगों से चाहते हो, वैसा व्यवहार उनसे करो।' सभी उलझनों का हल है। ऐसे में क्रिसमस यानी प्रभु यीशु का जन्मदिन, दुनिया के हर इंसान को सत्य, निष्ठा, करुणा और सह-अस्तित्व की राह पर चलने की प्रेरणा देने वाला एक विशेष दिन है।

एक्सप्रेशंस/ प्रस्तुति : रेणु खंतवाल

# आइए फैलाएं हम प्रभु यीशु का संदेश

समाज-परिवार में प्रभु यीशु के प्रेम-करुणा के संदेश को फैलाने में महिलाएं कैसे एक अच्छी और अहम भूमिका निभा सकती हैं। बता रही हैं अपने-अपने क्षेत्र की कुछ नामचीन हस्तियां।

### शोवना नारायण, कथक नृत्यांगना



**महिलाएं ही** सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक मूल्यों को सहेज कर रखती हैं। वे बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराती हैं। क्रिसमस का पर्व समाज में सभी के प्रति प्रेम, करुणा का भाव जगाता है। मेरे पति रोमन कैथलिक हैं, वे आस्ट्रिया में रहते हैं। मैं ज्यादातर पति और बेटे के साथ क्रिसमस मनाने वियना चली जाती हूं। क्रिसमस पर क्रिसमस ट्री घर में पहले ही आ जाता है। उसे लाइट से सजाया जाता है, ताकि हमारे भीतर जो अंधेरा है, वह दूर हो, हमारा जीवन प्रकाशवान हो। क्रिसमस पर जीसस क्राइस्ट के संदेशों को पढ़ा जाता है। इसके बाद क्रिसमस कैरल्स गाते हैं, इसके बाद मीठा खाया जाता है। लोग आधी रात को, जिस समय यीशु का जन्म हुआ था, चर्च जाकर प्रार्थना करते हैं। रात को ही या 25 दिसंबर की सुबह को बच्चों को गिफ्ट दिए जाते हैं। मैं भी बहुत उत्साह-उमंग से क्रिसमस मनाती हूं।

### हिमानी शिवपुरी, अभिनेत्री



**हर धर्म** प्रेम और मानवता का संदेश देता है। इस नजर से देखें तो अपने संस्कारों और मूल्यों से स्त्री, समाज में प्रेम, करुणा और मानवता का संचार करती है। लगभग हर इंसान चाहता है कि वह कुछ ऐसा करे कि दूसरों को खुशी मिले। चाहे वह उसके परिवार के लोग हों, रिश्तेदार हों या आस-पास में रहने वाले लोग हों। हम कलाकार व्यस्तता के कारण ज्यादातर अपना त्योहार सेट पर ही मना लेते हैं। मेरी मेड असम से है, वह ईसाई है। इसलिए मैं उसे क्रिसमस पर जरूर कुछ ना कुछ गिफ्ट देती हूं। जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए मैं हमेशा तैयार रहती हूं, जैसे फुटपाथ पर जो बच्चे रहते हैं, उन्हें कभी कुछ बांट दिया, बुजुर्गों को कुछ दे दिया। ऐसा करने से इन लोगों के चेहरे पर एक अनोखी खुशी दिखती है। बेशक मेरी यह मदद बहुत छोटी ही क्यों ना हो, लेकिन इस तरह आप किसी के जीवन में सेंटा क्लॉज बनकर उसे छोटी-छोटी खुशियां तो दे ही सकते हैं।

### शुद्धी रमनी, गायिका



**मेरे लिए** क्रिसमस का मतलब है, पूरा परिवार साथ बैठकर खाना खाए, खुशियां मनाए। हम दोस्तों को भी घर बुला लेते हैं। आपस में त्योहार की खुशियां बांटते हैं। एक-दूसरे को गिफ्ट देते हैं। मैं क्रिसमस पर घर में एक बड़ा सा क्रिसमस ट्री जरूर लेकर आती हूं, इसे हम सजाते हैं। मैं क्रिसमस को बहुत अच्छे से सेलिब्रेट करती हूं। 24 दिसंबर की रात को मैं अपनी फैमिली और फ्रेंड्स के लिए लेटर्स भी लिखती हूं। रात को सबके सिरहाने पर वह लेटर रख देती हूं। रात को ही क्रिसमस ट्री के नीचे सभी घरवालों के लिए गिफ्ट भी रख देती हूं। इसके बाद क्रिसमस के अगले दिन मेरा जन्मदिन होता है तो उस दिन मुझे परिवार और दोस्तों से प्यारे-प्यारे गिफ्ट मिलते हैं। सही मायने में त्योहारों की रौनक महिलाओं से होती है। वे ही इस तरह के सेलिब्रेशंस के माध्यम से पूरे परिवार, रिश्तेदारों, दोस्तों और आस-पड़ोस के लोगों को जोड़कर रखती हैं। देखा जाए तो प्रभु यीशु के प्रेम और करुणा के संदेश को समाज में फैलाने का काम सही मायने में महिलाएं ही करती हैं।

### रिन्नी जॉय, अधिवक्ता-सामाजिक कार्यकर्ता



**प्रभु यीशु** ने हमें सबसे बड़ा जो संदेश दिया, वो है सबसे प्रेम करो। महिलाएं सबको प्यार से जोड़कर रखती हैं। निरंतर परिवार-समाज से जुड़ी रहती हैं। वे वर्किंग होते हुए ऑफिस और घर को मैनेज करने के साथ-साथ आस-पड़ोस और रिश्तेदारी में भी प्रेम का रिश्ता बनाकर रखती हैं। महिलाएं यह काम बखूबी करती हैं। रही बात क्रिसमस सेलिब्रेशन की तो क्रिसमस पर हम केक जरूर बनाते हैं। इसे उन लोगों के बीच जरूर बांटते हैं, जो हमारे घर में काम करते हैं, जैसे-मेड, ड्राइवर, गेटकीपर और स्वीपर। चूंकि क्रिसमस सर्दियों में आता है तो हम गरीबों को कंबल बांटते हैं, उन्हें खाना भी खिलाते हैं।

क्रिसमस वाले दिन हम परिवार के साथ लंच और डिनर करते हैं। इस दौरान दोस्तों और रिश्तेदारों से भी मिलते हैं, उन्हें गिफ्ट देते हैं। फैमिली मेंबर्स और बच्चों को जो गिफ्ट दिया जाता है, उसे हम 24 की रात को क्रिसमस ट्री के नीचे रख देते हैं। क्रिसमस सेलिब्रेशन 24 दिसंबर की शाम से शुरू हो जाता है, जो 25 तक चलता है। वैसे क्रिसमस की रौनक नए साल के आने तक बनी रहती है। सभी को मैरी क्रिसमस...




एडवाइस / विनीता

# मदद के लिए हमेशा बढ़ाएं हाथ



करुणा, दया और परोपकार जैसी मानवीय भावनाएं सहज रूप से सभी के दिलों में होती हैं, लेकिन कई बार जीवन की आपा-धापी में हम अपने आस-पास रहने वाले उन जरूरतमंद लोगों को भूल जाते हैं, जिन्हें हमारी मदद की जरूरत होती है। ऐसा नहीं होना चाहिए, हमें जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए, हमें अपना यह मानव धर्म नहीं भूलना चाहिए। हम छोटे-छोटे प्रयासों से बहुत सहजता से दूसरों की मदद कर सकते हैं।

**उदास चेहरे पर लाएं मुस्कान:** दूसरों की मदद के लिए, दान देने के लिए यह जरूरी नहीं है कि हमारे पास करोड़ों की संपत्ति हो, हम हमेशा बहुत बड़ी धनराशि ही दान करें। अगर हमारे पास ज्यादा धन नहीं है, हम सीमित साधन वाले हैं तो भी अपने एक मामूली प्रयास से भी किसी उदास चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं। जैसे अगर हमारी घरेलू सेविका या आस-पास रहने वाला कोई असहाय, निर्धन व्यक्ति बीमार हो तो उसके लिए उपचार और दवा का प्रबंध करवा दें। ऐसा करके उसे ही नहीं, हमें भी अनमोल खुशी मिलेगी।

**सहयोग के लिए रहें तत्पर :** दान का मतलब केवल पैसे देने तक सीमित नहीं होता, हम निजी स्तर पर लोगों की मदद करके भी उनका जीवन संवार सकते हैं। जैसे, अगर हमारे आस-पास कुछ ऐसे बच्चे रहते हैं, जिन्हें पढ़ाई में हमारे सहयोग की जरूरत हो तो प्रतिदिन उनके लिए कुछ समय निकालें, उन्हें पढ़ाएं। हमारे इस छोटे से प्रयास से कई बच्चों की जिंदगी संवर सकती है।

**दिखाएं सही रास्ता:** कई बार वंचित वर्ग के लोग सही मार्गदर्शन के अभाव में कुछ सुविधाओं का लाभ नहीं उठा पाते। ऐसे लोगों की हम मदद कर सकते हैं। कुछ लोगों को यह मालूम नहीं होता कि बैंक में खाता कैसे खुलवाते हैं, मुफ्त उपचार की सुविधा किस सरकारी अस्पताल में है, आधार कार्ड, राशन कार्ड कैसे बनवाएं, ऐसे जरूरतमंदों की हम मदद कर सकते हैं। यह मदद उनके लिए बहुत बड़ी मदद होगी।

**क्रिसमस पर हम लें यह संकल्प:** जब हम जरूरतमंदों की मदद को अपने जीवन का हिस्सा बना लेंगे तो इससे हमारे मन को बहुत सुकून मिलेगा। क्रिसमस का त्योहार भी हमें यही संदेश देता है कि हम सबसे प्रेम करें, अपनी खुशियों में हम दूसरों को भी शामिल करें, जहां मदद की जरूरत है, मदद करें। आइए, इस क्रिसमस पर यह संकल्प लें कि हम दूसरों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

क्रिसमस पार्टी अटेंड करने के लिए बाकी तैयारियों के साथ अपने लुक पर ध्यान देना ना भूलें। पार्टी में कैसी ड्रेस आप कैरी करेंगी, इसका डिसीजन जल्द कर लें। आपकी हेल्प के लिए हम आपको पार्टी के लिए सुटेबल कुछ रेड ड्रेसेस ऑप्शंस के बारे में बता रहे हैं। इनमें से अपनी पसंद की कोई भी ड्रेस सेलेक्ट कर सकती हैं।

# पार्टी में बिखेरें रेड ड्रेसेस का मैजिक

ड्रेसअप

ममता आनंद, फैशन डिजाइनर



आने वाली क्रिसमस पर आपने घर पर पार्टी ऑर्गनाइज की हो या किसी फ्रेंड के घर पार्टी अटेंड करनी हो, उसमें जरूर चाहेंगी कि आप सबसे डिफरेंट नजर आएं। ऐसे में अपने लिए ड्रेस सेलेक्ट करते समय रेड कलर का खासतौर पर ध्यान रखें, तभी आपका लुक क्रिसमस पार्टी के लिए परफेक्ट नजर आएगा। दरअसल, क्रिसमस पार्टी में रेड कलर को ही इंपॉर्टेंस दी जाती है इसलिए हम आपको कुछ रेड आउटफिट्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप आगामी क्रिसमस पार्टी में ट्राई कर सकती हैं।

### लॉन्ग रेड गाउन

गाउन तो पार्टीज के लिए एवरग्रीन ड्रेस मानी जाती है। विंटर पार्टीज में तो गाउन को काफी पसंद किया जाता है और ये कंफर्टेबल भी होती हैं। ठंड से बचाव के लिए आप फुल स्लीव्स गाउन को वियर करें तो अच्छा रहेगा। गाउन में अगर आप रेड कलर का सेलेक्शन करेंगी तो सचमुच बहुत प्यारी लगेंगी। वैसे आप चाहें तो रेड गाउन की बजाय कोई भी दूसरा कलर चूज कर सकती हैं। आप उस गाउन के ऊपर रेड स्कार्फ पहनकर क्रिसमस पार्टी लुक पा सकती हैं। इसमें आपका लुक काफी स्टाइलिश नजर आएगा। आप चाहें तो वार्म लुक वाले वेलवेट फैब्रिक के गाउन भी कैरी कर सकती हैं, ये बहुत स्टाइलिश नजर आते हैं।



### रेड शिमरी पोंचू या स्वेटर

क्रिसमस पार्टी के लिए आप अपर ड्रेस के तौर पर रेड कलर के पोंचू को शामिल कर सकती हैं। सर्दियों में पोंचू काफी अट्रैक्टिव लगता है। यह आपको सर्दी से तो बचाता है, साथ ही एक स्टाइलिश लुक भी देता है। इसे आप वन पीस या फिर जींस, या किसी लोअर वियर के साथ टीमअप कर सकती हैं। आप चाहें तो पोंचू के बजाय रेड स्वेटर भी पहन सकती हैं। स्वेटर्स में आपको मार्केट में काफी वैरायटीज मिल जाएंगी। शिमरी स्वेटर आपको स्पेशल लुक देगा और आप इसमें बहुत अट्रैक्टिव नजर आएंगी।



### कोड-सेट

अगर आप इस पार्टी में ट्रेंडिंग लुक में दिखना चाहती हैं तो कोड-सेट ड्रेस ट्राई कर सकती हैं। इन दिनों कोड-सेट ड्रेस काफी ट्रेंड में हैं। यह आपको ट्रेंडी के साथ स्टाइलिश लुक भी देगा। क्रिसमस पार्टी के लिए यह एक बेहतर ऑप्शन है। इनमें आपको कलर और फैब्रिक में काफी वैरायटी मिल जाएंगी। आप अपनी पसंद के अनुसार वेलवेट या फिर वूलेन फैब्रिक में कोड-सेट पहन सकती हैं। अगर आपको डिजाइनर कोड सेट पहनना है तो एंब्रॉयडरी वाले कोड सेट भी कैरी कर सकती हैं। जो बेहद खूबसूरत नजर आते हैं। इन्हें पहनकर आप पार्टी में सबसे अलग दिखेंगी।

### लॉन्ग कुर्ती

क्रिसमस पार्टी में अगर आपका मन कुछ ट्रेडिशनल पहनने का है तो आप लॉन्ग कुर्ती ट्राई कर सकती हैं। इनमें आप शिमरी लुक या फिर एंब्रॉयडरी वाली वूलेन कुर्ती भी वियर कर सकती हैं। लॉन्ग कुर्ती के साथ आप गर्म पाजामी या जींस भी पहन सकती हैं। इससे आपका लुक बेहतरीन नजर आएगा। इनमें भी आपको बहुत सारी वैरायटीज मिल जाएंगी। कुर्ती को और भी स्टाइलिश बनाने के लिए आप इस पर रेड कलर स्टॉल ले सकती हैं। इससे आपको प्रॉपर क्रिसमस पार्टी लुक मिल जाएगा। स्टॉल के लिए आप फेदर फैब्रिक ट्राई कर सकती हैं।

प्रस्तुति : निधि

मेकअप

साधना शर्मा, ब्यूटीशियन



क्रिसमस पार्टी में आप सबसे डिफरेंट और अट्रैक्टिव नजर आएं, इसके लिए अच्छी ड्रेसअप के साथ परफेक्ट मेकअप और ज्वेलरी भी जरूरी है। परफेक्ट पार्टी लुक पाने के लिए प्रॉपर मेकअप स्टेप्स और ज्वेलरी आइडियाज के बारे में हम दे रहे हैं यूजफुल टिप्स।

# फॉलो करें प्रॉपर स्टेप्स पाएं परफेक्ट पार्टी लुक

इन दिनों क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर हैं। घर को डेकोरेट करने के साथ पार्टी प्रिपरेशन और गिफ्ट की खरीदारी में आप जुटी होंगी। इस ऑकेजन के लिए स्पेशल ड्रेसअप के साथ ही क्रिसमस पार्टी मेकअप लुक भी कुछ डिफरेंट होना चाहिए। अगर आप यहां बताए जा रहे मेकअप टिप्स को स्टेप बाई स्टेप फॉलो करें तो क्रिसमस स्पेशल मेकअप लुक पा सकती हैं।



**मसाज करें:** मेकअप शुरू करने से पहले अपने फेस की मॉयश्चराइजर से अच्छे से मसाज कर लें। मसाज करने से चेहरे पर ब्लड सर्कुलेशन अच्छी तरह से होने लगता है। करीब 5 से 7 मिनट तक मसाज करने के बाद चेहरे को साफ कर लें।

**अप्लाई करें फाउंडेशन :** फेस की मसाज करने के बाद फाउंडेशन अप्लाई करें। अगर मेकअप करने के बाद आपकी स्किन ड्राय नजर आती है, तो इसके लिए फाउंडेशन में फेस ऑयल मिक्स कर सकती हैं। इससे मेकअप ड्राय नहीं होगा और कोई अलग से पैचेस भी नजर नहीं आएंगे। आप फाउंडेशन लगाते समय उसमें दो या तीन बूंद फेस ऑयल की जरूर मिक्स कर लें। कई महिलाएं मेकअप में पावडर फाउंडेशन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन सर्दियों में पावडर की बजाय लिक्विड और क्रीमी टेक्सचर वाले क्रीम और फाउंडेशन बेस्ट ऑप्शन हैं।


**ब्लशर-आई मेकअप :** चूंकि आप क्रिसमस पार्टी के लिए मेकअप कर रही हैं तो आप ब्लशर में रेड कलर का इस्तेमाल करें, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। ब्लशर को इस तरह अप्लाई करें कि वो नेचुरल लुक दे। इसके बाद आई मेकअप के लिए ग्लॉसी लुक वाला आईशैडो यूज करें, इससे आपके चेहरे पर चमक नजर आएगी।

**हाईलाइटर से करें टचिंग:** कुछ महिलाएं पार्टी में जाने के लिए हैवी मेकअप को सही मानती हैं जबकि एक्सपर्ट्स के अनुसार, मेकअप में बहुत ज्यादा प्रोडक्ट्स यूज ना करें यानी बहुत हैवी मेकअप से बचना चाहिए। सर्दियों में हैवी के बजाय नेचुरल मेकअप लुक ज्यादा सुंदर नजर आता है। आप मेकअप करने के बाद हाईलाइटर का इस्तेमाल करें। हाईलाइटर आपके मेकअप को ग्लोइंग टच देता है।

**लिपस्टिक :** क्रिसमस पार्टी को ध्यान में रखते हुए आप अपने लिप्स पर ग्लॉसी या फिर रेड लिपस्टिक अप्लाई कर सकती हैं। यह आपके ओवर ऑल मेकअप को कंप्लीट करेगा।

प्रस्तुति : मानसी

## पार्टी के लिए ज्वेलरी हो ऐसी



क्रिसमस पार्टी में आप सिर्फ लाइट और सिंपल ज्वलेरी ही कैरी करें। अगर आप वेस्टर्न ड्रेस वियर कर रही हैं तो उन पर सिंपल-सोबर ज्वेलरी ही अच्छी लगती हैं। यहां हम आपको बता रहे हैं कि किस तरह की ज्वेलरी आप वेस्टर्न ड्रेस पर पहन सकती हैं।

- पर्ल्स को अपने ज्वेलरी बॉक्स में शामिल करें, क्योंकि वेस्टर्न ड्रेसेस के साथ सिंगल पर्ल वाली ज्वेलरी बहुत खूबसूरत नजर आती है। आप कानों में एक पर्ल वाले ईयर रिंग्स पहन सकती हैं।
- इस ऑकेजन पर पतली गोल्ड या सिल्वर लुक चेन, स्वेटर, जैकेट या वनपीस पर अट्रैक्टिव नजर आती है।
- क्रिसमस पार्टी के लिए आप स्टोन ज्वेलरी भी पहन सकती हैं। इन दिनों मार्केट में स्टोन ज्वेलरी काफी ट्रेंड में हैं। ये आपको डिफरेंट कलर्स में मिल जाएंगी, लेकिन ज्वेलरी लाइट वेटेड होनी चाहिए।
- आप एक हाथ में घड़ी और दूसरे हाथ में ब्रेसलेट कैरी कर सकती हैं। अगर आपको रिंग्स पहनने का शॉक है तो डिफरेंट टाइप की रिंग्स पहन सकती हैं।


सलाह सहेली की / वंदना जोशी

## सर्दियों में दिखाइए यह गर्मजोशी!

मिसेज डिसूजा के यहां क्रिसमस सेलिब्रेशन की तैयारी को लेकर एक मीटिंग रखी गई। इस सेलिब्रेशन में क्रिश्चियन कम्युनिटी के लोग ही नहीं, दूसरे धर्म के लोग भी बड़े उत्साह से शरीक हुए। थोड़ी देर बाद जब मिसेज डिसूजा की मेड सबके लिए नाश्ते की ट्रे लेकर आई तो मिसेज डेविड ने उससे पूछा, 'क्यों सुनीता कैसी हो?'

'जी भाभी जी, मैं ठीक हूं।' सुनीता टेबल पर ट्रे रखते हुए बोली।

'अच्छा सुनो, इतवार को सुबह घर आ जाना। तुम्हारे लिए और बच्चों के लिए भी गर्म कपड़े निकाले हैं, ले जाना।' मिसेज डेविड बोलीं। 'जी भाभी जी।' कहकर सुनीता ट्रे रखकर घर के अंदर चली गई। सुनीता के जाते ही मिसेज लालवानी तुनक कर बोलीं, 'यह क्या बात हुई मिसेज डेविड? नौकरानी आपको भाभी कह कर बुला रही है और आप कुछ कह नहीं रही हैं।' 'इसमें कहने वाली क्या बात है? वह मिस्टर डेविड को भाई साहब और मुझे भी मैडम कहती थी। मुझे यह मैडम-वैडम कुछ भाता नहीं है। इसीलिए मैंने ही उसे भाभी कहने को कहा। हमारे बच्चे भी उसे आंटी कहकर बुलाते हैं। इसमें बुरा क्या है?'



मिसेज डेविड सहज भाव से बोलीं। दोनों के वार्तालाप के बीच में मिसेज डिसूजा बोलीं, 'सुनीता बहुत अच्छी लेडी है। अपना घर समझ कर सारा काम करती है। कोई भी सामान इधर का उधर नहीं करती। उसके रहते हमें कोई परेशानी नहीं होती। बच्चे भी उसके साथ सहज रहते हैं।'

सबकी बातें सुनकर मिसेज डिसूजा की सास भी बोलीं, 'मेरा मानना है, सारे इंसान एक समान हैं। ईश्वर ने हमें थोड़ा संपन्न बनाया है और इन्हें जरूरतमंद। ये हमारे घर का काम आसान करते हैं, बदले में हम इन्हें वेतन देते हैं। हमारे घर के पुरुष भी तो कहीं ना कहीं नौकरी ही करते हैं ना! वह थोड़े ज्यादा पढ़े-लिखे हैं, इसलिए उन्हें ज्यादा पैसा मिलता है। आज जमाना बदल गया है। घर के पुरुष ही नहीं, महिलाएं भी काम करती हैं।' 'आप ठीक कहती हैं मम्मी जी।' मिसेज डिसूजा ने अपनी सास को चाय का प्याला देते हुए अपनी सहमति दी।

इस प्रकरण ने मीटिंग में हो रही बातचीत का विषय ही बदल दिया। कुछ देर पहले क्रिसमस सेलिब्रेशन की तैयारी को लेकर चल रही बातें घरेलू नौकरों के प्रति व्यवहार पर केंद्रित हो गईं। मिसेज डिसूजा सहृदय स्वभाव की हैं। उन्होंने सबको समझाया, 'देखो सर्दियों का मौसम आया है। हमें इन सर्दियों में थोड़ी गर्मजोशी दिखानी चाहिए। इनकी मदद करनी चाहिए।' 'वह कैसे?' मिसेज गुप्ता ने पूछा।

'हम अपने घर में काम करने वाले लोगों को गरम कपड़े दे सकते हैं। खाना बनाने वाली अम्मा जी को हम गर्मागर्म खाना खिला सकते हैं। सर्दियों में सुबह जो सफाईकर्मी हमारे लॉन आदि की सफाई करते हैं, उन्हें हम गर्म चाय पिला सकते हैं। बर्तन साफ करने वाली को बर्तन धोने के लिए गर्म पानी दे सकते हैं। हमें हर किसी के प्रति दिल में प्रेम-करुणा का भाव रखना चाहिए। प्रभु यीशु भी तो यही कहते थे।' मिसेज डिसूजा ने समझाया।

'आप ठीक कहती हैं। हम ऐसा ही करेंगे, लेकिन आप भी जरा गर्मजोशी दिखाइए, क्योंकि चाय-नाश्ता ठंडा हो रहा है।' मिसेज सक्सेना हंसते हुए बोलीं और सभी गर्मा-गर्म नाश्ते का आनंद लेने लगे। मन ही मन सभी इस बात से सहमत थे, जरूरतमंदों के प्रति दिल में प्रेम-करुणा के भाव होने चाहिए।

सेलिब्रेशन / निधि गोयल

अगर आने वाली क्रिसमस पर आप घर में ही पार्टी ऑर्गनाइज करना चाहती हैं तो इसकी तैयारी आज से ही शुरू कर दें। इसमें तैयारियों से जुड़ी हर छोटी-छोटी बात का अगर आप ध्यान रखेंगी तो सभी गेस्ट्स शानदार पार्टी एंज्वॉय करेंगे। इस बारे में हम दे रहे हैं कुछ यूजफुल सजेशंस।

# जब घर पर करनी हो क्रिसमस पार्टी



दिसंबर का महीना शुरू होते ही बच्चे ही नहीं बड़ी उम्र के लोग भी क्रिसमस का बेसब्री से इंतजार करने लगते हैं। इसे लेकर कई तरह की तैयारियों में सब जुट जाते हैं। आप भी घर में क्रिसमस पार्टी को ऑर्गनाइज करके इस दिन को बहुत स्पेशल बना सकती हैं। लेकिन अगर पहले से ही पार्टी की प्लानिंग नहीं करेंगी, तो शानदार पार्टी ऑर्गनाइज नहीं कर पाएंगी। आपको यहां हम बता रहे है कि किस तरह आप घर पर क्रिसमस पार्टी ऑर्गनाइज कर सकती हैं।

**रूम डेकोरेशन :** क्रिसमस पार्टी जिस रूम या हॉल में आप ऑर्गनाइज करना चाहती हैं, उसे अच्छी तरह से डेकोरेट करना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप वॉल हैंगिंग खरीदकर ला सकती हैं या अगर टाइम हो तो खुद भी क्रिएट कर सकती हैं। लेकिन ध्यान रखें कि पार्टी थीम क्रिसमस है, तो उसके हिसाब से ही आपको सभी चीजों का सेलेक्शन करना होगा। अगर आपका बजट कम है तो आप गुब्बारों से भी घर को सजा सकती हैं। आप रेड, व्हाइट या गोल्डन कलर के बैलूंस से रूम को सजा सकती हैं। घर की एंट्री पर ऐसे बैलूंस और वॉल हैंगिंग्स जरूर सजाएं, ताकि आपका घर बाहर से और खूबसूरत दिखे।



**क्रिसमस ट्री-सेंटाक्लॉज :** क्रिसमस पार्टी का बहुत इंपॉर्टेंट पार्ट क्रिसमस ट्री होता है। आप घर में पार्टी ऑर्गनाइज कर रही हैं तो क्रिसमस ट्री को भी एक कोने में जरूर सजाएं। उस ट्री पर बेल्स, चॉकलेट्स और लाइट्स सजा सकती हैं। पार्टी की शाम से लेकर रात तक ये बहुत खूबसूरत लगेंगे। जिस जगह पर क्रिसमस ट्री रखना चाहती हैं, वहां पर कॉटन बिखेर दें, इससे बर्फ का अहसास होगा। इसके अलावा फैमिली के किसी एक मेंबर को सेंटा के गेटअप में रेडी करवाएं तो पार्टी और मजेदार हो जाएगी, क्योंकि बच्चों को सेंटा बहुत पसंद होते हैं।

**म्यूजिक सिस्टम :** म्यूजिक के बिना तो हर पार्टी अधूरी रहती है, तो आप इस पार्टी में म्यूजिक का अरेंजमेंट करना ना भूलें। पहले से ही ऐसे म्यूजिक रिकॉर्ड्स और सॉन्स सेलेक्ट कर लें, जो क्रिसमस से रिलेटेड हों। इससे पार्टी में क्रिसमस का और भी शानदार माहौल बन जाएगा। इसके अलावा कुछ हैप्पी, ज्वॉयफुल मूड्स के सॉन्स भी सेट करके रखें। डांस के लिए भी थोड़ा स्पेस बनाएं।

**पार्टी मेन्यू :** पार्टी है तो खाने-पीने का इंतजाम भी जरूरी है। इस बारे में पहले ही डिसाइड कर लें कि आप पार्टी में किस तरह की डिशेज रखना चाहती हैं? अगर बच्चे और बड़े हर उम्र के लोग पार्टी में आ रहे हैं तो आपको सभी की पसंद के अनुसार डिशेज तैयार करनी होंगी। हैवी डिनर के बजाय कई तरह के लाइट स्नैक्स रखना अच्छा रहेगा। आप पार्टी अरेंजमेंट और गेस्ट्स का वेलकम करने में बिजी रहेंगी तो बेहतर होगा कि डिशेज खुद बनाने की बजाय किसी होटल या रेस्टोरेंट से ऑर्डर करके मंगवा लें। अगर आप कुछ डिशेज खुद बना रही हैं तो डिशेज, इस तरह की हों, जो जल्दी से गर्म करके सर्व हो जाएं। इससे आप भी पार्टी एंज्वॉय कर पाएंगी। डिशेज सर्व करने के लिए क्रॉकरी या डिस्पोजेबल्स पहले ही डाइनिंग टेबल पर अरेंज करके रख लें।

**ना भूलें गिफ्ट्स देना :** अब बात आती है कि पार्टी में शामिल होने वाले बच्चों को गिफ्ट्स में क्या दिया जाए? आप गिफ्ट्स के छोटे-छोटे पैकेट्स बना सकती हैं। इनमें उनकी पसंद की ड्राय फूड आइटम्स, चॉकलेट्स और कैंडीज डाल सकती हैं। इनके अलावा स्टेशनरी के सामान को भी पैक करके गिफ्ट के तौर पर दे सकती हैं। या फिर ट्वॉयज भी दे सकती हैं। सबसे अच्छा होगा कि ये गिफ्ट्स बच्चों को वो व्यक्ति दे, जिसने सैंटा का गेटअप लिया हो।

यहां बताई बातों को फॉलो करेंगी तो आपकी क्रिसमस पार्टी बहुत शानदार होगी।

रेसिपी / ओम प्रकाश गुप्ता

इन दिनों आप क्रिसमस पार्टी की तैयारी में जुटी होंगी। बाकी तैयारियों के साथ आप इस बार बाजार से केक मंगाने के बजाय घर पर ही टेस्टी केक बना सकती हैं। हम आपको बता रहे हैं दो केक्स की रेसिपी।

# क्रिसमस पार्टी के लिए घर पर बनाएं टेस्टी केक

### खस जैली केक



**सामग्री :** कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, आटा-1 कप, मैदा-1 कप, रिफाइंड ऑयल-1 कप, बेकिंग पावडर-2 छोटे चम्मच, बेकिंग सोडा-1 छोटा चम्मच, नमक-चुटकी भर, खस जैली-100 ग्राम, हरा रंग-2 बूंद, खस एसेंस-2 बूंद, खोया, बादाम-सजाने के लिए

**विधि :** सबसे पहले कंडेंस्ड मिल्क और रिफाइंड ऑयल को मिलाकर फेंटें। इसके बाद जैली को कसकर या मसलकर इसमें मिलाएं। अब रंग और एसेंस भी मिला लें। फिर मैदा, आटा, नमक, बेकिंग पावडर और बेकिंग सोडा मिलाकर छानें और कंडेंस्ड मिल्क वाले मिश्रण में मिलाकर एक ही दिशा में तब तक फेंटें, जब तक उसमें से हवा के बुलबुले ना निकलने लगे और वो फूल जाए। अब केक टिन में चिकनाई लगाकर केक का मिश्रण डालें। 180 डिग्री सेंग्रे. पर प्रिहीटेड ओवन में 35-40 मिनट तक इसे पकाएं। केक में चाकू डालकर देखें। अगर मिश्रण चाकू पर लगे तो 4-5 मिनट और पकने दें। ठंडा करके केक को खोए और बादाम से गार्निश करें। केक रेडी है।

### मेवा केक



**सामग्री :** मैदा-2 कप, कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, तेल-1 कप, दूध-1 कप, कटे बादाम-2 बड़े चम्मच, कटे काजू-2 बड़े चम्मच, अखरोट के टुकड़े-2 बड़े चम्मच, किशमिश-2 बड़े चम्मच, कटा पिस्ता-2 बड़े चम्मच, रंग-बिरंगी पेठा चेरी-2 बड़े चम्मच, बेकिंग पावडर-1 छोटा चम्मच, बेकिंग सोडा-आधा छोटा चम्मच, वनिला एसेंस-1 छोटा चम्मच, नमक-1 चुटकी

**विधि:** सबसे पहले एक बाउल में कंडेंस्ड मिल्क और तेल को मिलाकर अच्छी तरह फेंट लें। इसमें वनिला एसेंस भी मिला लें। अब थोड़ा मैदा बचाकर शेष सारी सूखी सामग्री मिलाकर दूसरे बाउल में छलनी से छान लें। फिर इसमें कंडेंस्ड मिल्क-तेल का मिश्रण और कटे मेवे मिला लें। आवश्यकतानुसार दूध मिलाकर बैटर को फ्लोइंग कंसिसटेंसी का कर लें। केक मोल्ड में तेल लगाकर इसमें मैदा बुरक दें। फिर इसमें तैयार बैटर डालकर ऊपर से कटे बादाम, कटा पिस्ता और चेरी डालकर 180 डिग्री सेंग्रे. तक प्रिहीटेड ओवन में रख दें। 30-35 मिनट बाद चाकू डालकर चेक कर लें। चाकू साफ निकले तो केक रेडी है वरना 4-5 मिनट और ओवन में रखें। केक को ठंडा होने पर प्लेट में उल्टा निकालें। साबुत मेवा से गार्निश कर लें। आपका क्रिसमस केक तैयार है।



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### साय मंत्रिमंडल का...

होगा, लेकिन उन्होंने भी इसकी कोई तिथि नहीं बताई है। साय सरकार के मंत्रिमंडल के गठन को लेकर एक दिन पहले दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्रियों अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सहप्रभारी नितिन नवीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की बैठक हुई। बैठक के बाद सोमवार की सुबह को दिल्ली से मुख्यमंत्री श्री साय लौटे तो उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा, दिल्ली में श्री नड्डा और श्री शाह के साथ बैठक हुई है। जल्द ही मंत्रिमंडल का गठन किया जाएगा।

### आज से विस...

वाले कई चेहरे इस बार नहीं दिखेंगे। विधानसभा सचिवालय में छठीं विधानसभा के प्रथम सत्र के दौरान नवनिर्वाचित सदस्यों का स्वागत करने परिसर को फूलमालाओं एवं रंगोली से सजाया गया है। विधानसभा चौक का नए सिरे से सौंदर्यीकरण किया गया है। सत्र के प्रथम दिवस सभी नवनिर्वाचित विधायकों का मुख्य गेट पर पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया जाएगा। विधानसभा परिसर में छत्तीसगढ़ की लोककला एवं संस्कृति पर केंद्रित लोकनृत्यों की छटा भी देखने को मिलेगी।

### संसद की सुरक्षा में...

गए सदस्यों में मनोज कुमार झा और फैयाज अहमद (राजद), वी. शिवदासन (माकपा), रामनाथ ठाकुर एवं अनिल प्रसाद हेगड़े (जद यू), वंदना चव्हाण (राकांपा), रामगोपाल यादव, जावेद अली खान (सपा), महुआ माजी (झामुमो), जोस के. मणि एवं अजीत कुमार भुइयां शामिल हैं। इन सदस्यों को मौजूदा सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित किया गया है। इसके साथ ही 11 अन्य सदस्यों को भी निलंबित किया गया है। उन्हें विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक के लिए निलंबित कर दिया। समिति से कहा गया है कि वह इन 11 सदस्यों के आचरण के संबंध में अपनी रिपोर्ट तीन महीने के अंदर पेश करेगी। इन 11 सदस्यों में जेबी माथेर हिशाम, एल. हनुमंथैया, नीरज डांगी, राजमणि पटेल, कुमार केतकर, जी.सी. चंद्रशेखर, बिनय विश्वम, संतोष कुमार पी, एम. मोहम्मद अब्दुल्ला, जॉन ब्रिटास और ए.ए. रहीम शामिल हैं। इस तरह सोमवार को उच्च सदन से कुल 45 सदस्यों को निलंबित किया गया। इससे पहले लोकसभा में सदन की कार्यवाही बाधित करने और आसन की अवमानना को लेकर सोमवार को विपक्षी दलों के 30 सदस्यों को मौजूदा संसद सत्र की शेष अवधि के लिए तथा तीन सदस्यों को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक के लिए निलंबित किया गया। पीठासीन सभापति राजेन्द्र अग्रवाल ने आसन की अवमानना को लेकर एवं कार्यवाही बाधित करने के लिए तृणमूल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नौ-नौ, कांग्रेस के सात, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के दो तथा रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, वीरुथलई चिरुथैगल काची (वीसीके) और जनता दल (यूनाइटेड) के एक-एक सदस्य का नाम लिया। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने उक्त सभी सदस्यों को नियम 374 (दो) के तहत संसद के शेष सत्र के लिए सदन से निलंबित करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसे सदस्यों ने ध्वनि मत से पारित कर दिया। कांग्रेस के सात सदस्यों- अधीर रंजन चौधरी, एंटो एंटोनी, के मुरलीधरन, के सुरेश, अमर सिंह, राजा मोहन उन्नीथन और गौरव गोगोई को शेष सत्र के लिए निलंबित किया गया है। टीएमसी के निलंबित सदस्यों में कल्याण बनर्जी, अपरुपा पोद्दार, प्रसून्न बनर्जी, सौगत राय, शताब्दी राय, असित कुमार मंडल, प्रतिमा मंडल, काकोली घोष दस्तीदार और सुनील कुमार मंडल शामिल हैं। द्रमुक के जिन नौ लोकसभा सदस्यों को निलंबित किया गया है, उनमें टी आर बालू, ए. राजा, दयानिधि मारन, जी सेल्वम, सीएन अन्नादुरई, डॉ. टी सुमति, के वीरासामी, एस एस पल्ली मणिक्कम और रामलिंगम शामिल हैं। लोकसभा ने आईयूएमएल के ईटी मोहम्मद बशीर और के नवासिकानी को निलंबित किया है, जबकि आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन, जदयू के कौशलेन्द्र कुमार और वीसीके तिरुवक्कससर भी निलंबित सदस्यों में शामिल हैं। जोशी के प्रस्ताव पर कांग्रेस के तीन अन्य लोकसभा सदस्यों के. जयकुमार, विजय वसंत और अब्दुल खालिक को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक के लिए निलंबित किया गया। **सरकार ने कहा- यह सदन का अपमान-** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि राज्यसभा और लोकसभा में विपक्ष और सहयोगी दल, घमंडिया गठबंधन (विपक्षी गठबंधन 'इंडिया') के सदस्यों ने भद्दा हंगामा किया। सदन का अपमान किया। लोकतंत्र के मंदिर में देश को शर्मिंदा किया है। स्पीकर ओम बिरला और चेयरमैन जगदीप धनखड़ का अपमान किया। दरअसल, विपक्षी दल संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर लगातार राज्यसभा और लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयान देने की मांग कर रही है, वहीं सरकार इसको लेकर पलटवार करते हुए कह रही है कि जांच चल रही है। ऐसे में विपक्ष राजनीति कर रहा है। **खड़गे बोले- लोकतंत्र पर हमला-** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार ने लोकतंत्र पर हमला किया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 13 दिसंबर 2023 को संसद पर एक हमला हुआ. आज फ़िर मोदी सरकार ने संसद और लोकतंत्र पर हमला किया है। सरकार द्वारा 92 सांसदों को निलंबित कर सभी लोकतांत्रिक प्रणालियों को कूड़ेदान में फेंक दिया गया है। खड़गे ने कहा कि हमारी दो सरल और सहज मांगे हैं। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को संसद की सुरक्षा में गंभीर उल्लंघन पर संसद के दोनों सदनों में बयान देना चाहिए और इस पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए।

### अमरजीत बोले- चौथी ...

पर प्रदेश सरकार कदम बढ़ा चुकी है। इसी तरह, वादे के मुताबिक 25 दिसंबर को भाजपा सरकार, पिछली रमन सरकार के वक्त का दो साल का बकाया बोनस देने की तैयारी में है लेकिन अब तक धान खरीदी के एकमुश्त भुगतान और न्याय योजना की चौथी किश्त को लेकर साय सरकार ने पत्ते नहीं खोले हैं। कांग्रेस ने किस्तों में न्याय देने की कोशिश की अमरजीत की मांग पर पूर्व मंत्री केदार कश्यप का पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 2 साल का बोनस 25 दिसंबर को देगी। राजीव गांधी न्याय योजना की चौथी किस्त कांग्रेस ने नहीं दी, तो इसके लिए दोषी कांग्रेस है। कांग्रेस ने किस्तों में न्याय देने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार मोदी की गारंटी पर काम करेगी। जो वादा किया है, उसे हम पूरा करेंगे।

### दाऊद इब्राहिम को ...

खत्म करने के लिए उकसाया हो। ये सवाल भी उठ रहे हैं कि क्या अमेरिका भी दाऊद को मारने की कोशिश कर सकता है। हालांकि अमेरिका के निशाने पर कभी भी दाऊद नहीं रहा है और ना ही उसने कोई नुकसान अमेरिका को पहुंचाया है। ऐसे में अमेरिका उसके लिए कोई रिस्क ले ये मुश्किल लगता है। ऐसे में पाकिस्तान की सेना पर ही सबसे ज्यादा शक जा रहा है।

### दंतेवाड़ा, बीजापुर के...

सदस्य मिच्या लखमू को पकड़ा गया। मिच्या लखमू 15 मार्च 2007 को रानीबोदली कैम्प हमले में शामिल था। 7 दिसंबर 2009 को ग्राम टुंगेली के ग्रामीण माढ़वी दुलगो के हत्या में भी मिच्या लखमू शामिल रहा है। इसके विरूद्ध थाना कुटरू में दो वारंट भी लंबित है। मिच्या लखमू को बीजापुर न्यायालय में पेश किया गया है। बीते कुछ दिनों से बस्तर अंचल में नक्सली हमले में आयी तेजी को देखते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पुलिस विभाग के आला अधिकारियों की आपात बैठक लेकर इन घटनाओं की रोकथाम और नक्सलियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद राज्य में विशेषकर बस्तर अंचल में पुलिस और केन्द्रीय बल के जवानों द्वारा संयुक्त रूप से संवेदनशील इलाकों में सर्चिंग का अभियान तेज कर दिया गया है। माओवादियों की मौजूदगी को लेकर पतासाजी शुरू कर उनकी धरपकड़ का अभियान शुरू कर दिया गया है। दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले के सरहदी क्षेत्र हुर्रेपाल एवं बेचापाल में भैरमगढ़ एरिया कमेटी कामारूर एलओएस कमांडर सोनू आयाम के साथ लगभग 20-25 माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी., दंतेवाड़ा रेंज के उप पुलिस महानिरीक्षक कमललोचन कश्यप, सीआरपीएफ के उप पुलिस महानिरीक्षक विकास कठेरिया एवं पुलिस अधीक्षक गौरव राय के मार्गदर्शन में डीआरजी, बस्तर फाइटर्स दंतेवाड़ा तथा सीआरपीएफ 230 बटालियन यंग प्लाटून नरेली का संयुक्त बल बेचपाल, हुर्रेपाल एवं गहनार के जंगल की ओर सर्चिंग के लिए रवाना किया गया।

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425


JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?


वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है**-Swiggy डिलीवरी बॉय जॉब ज्वाइन करें और पाएं 3000 ज्वाइनिंग बोनस, Daily Petrol Bonus आवश्यक दस्तावेज आधार, पैन कार्ड, बैंक एकाउण्ट काल करें:- 70003 98370, 9893686044 स्वयं का बाइक, मोबाइल अनिवार्य। **(32221)**

**आवश्यकता है**-सुरक्षा गार्ड की तत्काल भर्ती, सिरगिट्टी, परसदा, मंगला चौक, बस स्टैण्ड, गोल बाजार, सरकंडा, घरू, सैदा हेतु। वेतन 7500 से 9000 आवास मुफ्त बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- 99933 36942, 9589316942 **(32222)**

**आवश्यकता है**-सेल्स कार्य के लिए पढ़े लिखे युवक की आवश्यकता है। अनुभवी सेल्समेन को प्राथमिकता। सम्पर्क करें- बजाज स्टोर्स, मदीना मस्जिद गली, सिन्धी धर्मशाला के पास, गोल बाजार, बिलासपुर **(32223)**

**आवश्यकता है**-गिरीश ट्रेडर्स दुकान में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है पता- नरेश बाजार के बाजू में, तेलीपारा मेन रोड, बिलासपुर 9300111207, 8889788895 **(32224)**

**आवश्यकता है**-छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग के ग्रामीण क्षेत्रों में LTD कम्पनी को ग्रेजुएट पास सर्वे कार्य एवं डाटा एन्ट्री ऑपरेटर युवक युवती की आवश्यकता है। सर्वे कार्य पद 150 वेतन 13000, डाटा एन्ट्री आपरेटर पद 20 वेतन 15000 कोई फार्म शुल्क नहीं NGO ग्रुप, प्लेसमेंट एजेन्सी एवं सरगुजा संभाग वालों को प्राथमिकता सम्पर्क करें- अशोक साहू रायपुर 84618 86239 **(32225)**

**आवश्यकता है-ऑफिस सामान्य प्यून कार्य हेतु लड़की/ युवती चाहिए समय 9 से 7 बजे। वेतन 7000 योग्यतानुसार। सम्पर्क-** JBS **इन्फ्रा डेवेलोपर्स देवरीखुर्द मोड़ के पहले** JP **रेसीडेन्सी मेन रोड तोरवा 9300000195 (845)**

